


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 152 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 15 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### साय कैबिनेट में बनाया नया विभाग, राजपत्र में अधिसूचना जारी

**रायपुर।** प्रदेश में आज सुशासन विभाग को लेकर एक अधिसूचना राजपत्र जारी की गई है। जानकारी के मुताबिक ये विभाग छत्तीसगढ़ सरकार का ये 58वां विभाग हैं। सूत्रों के मुताबिक सीएम साय की सरकार में हुई पिछली कैबिनेट बैठक में इस विभाग को मंजूरी मिली दी गई थी। इसके साथ ही यह राज्य सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों को सफल और क्रियान्वयन उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम साधनों में संभव व उपयोग कर इसे जनसमस्याओं के साथ ही त्वरित समाधान में लाए जाएंगे। इसके अलावा इसे राज्य प्रशासन में भी एक अभिसरण विभाग और पृथक रुप से एक नए सुशासन का भी इसमें गठन किए जाएंगे।

इस नए विभाग के गठन होने के बाद से ही इसे बेहतर प्रशासन के साथ ही जनता तक शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही इसमें क्रिया विधि और नये विचारों के संबंध में भी इस पर शोध कर इसमें प्रशासनिक सुधार के भी कार्य किए जाएंगे। वहीं इस विभाग के द्वारा राज्य के सुशासन क्षेत्र में इस पर अभिनव पहल करते हुए। इसमें सुशासन फेलोशिप के साथ ही मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में भी इसे उत्कृष्ट पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा भी इस विभाग में नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थानऔर अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार के आयोग लाए जाएंगे।

### अकबर के करीबी समेत कई का भाजपा प्रवेश

**कवर्धा।** कबीरधाम में कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस बार लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष अनारा साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुखी साहू, पूर्व अध्यक्ष व पार्षद उषा सेन, पूर्व पार्षद मनहरण सेन ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने चारों नये सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। लोहारा नगर पंचायत क्षेत्र को पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर का गढ़ माना जाता है। अकबर ने ही लोहारा नगर पंचायत में अपने नजदीकी मुखी साहू की पत्नी अनारा साहू को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता जाने के बाद नजदीकी लोग अब दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस की सत्ता जाने के बाद जिले में नगरपालिका व नगरपंचायत में पांच साल का कार्यकाल पूरा करने से पहले ही कांग्रेस के कब्जे से अध्यक्ष की कुर्सियां धीरे-धीरे खिसकते जा रही है। पहले पांडातराई नगरपंचायत कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी अविश्वास प्रस्ताव से गिरा दी गई और भाजपा का कब्जा हो गया।


### रायपुर संसदीय क्षेत्र की 9 में से 8 सीटों पर है भाजपा का कब्जा

# विकास के लिए अजेय बृजमोहन बड़ी चुनौती!

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर। लगातार 8 विधानसभा चुनाव जीतने वाले कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल के सामने कांग्रेस ने युवातुर्क विकास उपाध्याय को उतार तो दिया है, लेकिन सवाल है कि क्या विकास को बलि का बकरा बनाया गया है? दरअसल, यह सवाल इसलिए भी है क्योंकि बृजमोहन अग्रवाल राजनीति के अजेय योद्धा हैं, जबकि विकास उपाध्याय ने महज 3 विधानसभा चुनाव लड़े हैं, जिनमें से सिर्फ एक बार ही उन्हें जीत मिली है। 2013 और 2023 के चुनाव में विकास को पराजय का सामना करना पड़ा। 2018 में उन्हें जीत मिली थी। कांग्रेस के साथ एक दिक्कत यह है कि यहां से उसके कई दिग्गजों के नाम तो चले तो लेकिन बृजमोहन के सामने चुनाव लड़ने का साहस कोई भी बड़ा कांग्रेस नेता नहीं कर पाया।**

### तीन में से दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके हैं कांग्रेस प्रत्याशी, बृजमोहन लगातार जीते 8 चुनाव





पिछले साल के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने विकास उपाध्याय को रायपुर पश्चिम सीट से टिकट दी थी। यहां से भाजपा के सीनियर नेता राजेश मूणत चुनाव लड़ रहे थे। मूणत ने इस चुनाव में विकास को 38 हजार वोटों से पराजित किया था। वहीं, कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल सायपुर दक्षिण सीट से कांग्रेस के महंत श्यामसुंदर दास को रिकार्ड मतों से हराया था। बृजमोहन प्रदेश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने वाले नेता थे। शायद इसीलिए सवाल पूछा जा रहा है कि कद्दावर नेताओं के रहते कांग्रेस ने विकास उपाध्याय को किस रणनीति के तहत लोकसभा के मैदान में उतारा है? देश में चल रही मोदी लहर के बीच यह सवाल और भी प्रासंगिक हो जाता है। भाजपा ने इस बार छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जबकि कांग्रेस दावा कर रही है कि इस बार उसे भाजपा से ज्यादा सीटें मिलेगी। गौरतलब है कि रायपुर लोकसभा सीट से पहले रविन्द्र चौबे और फिर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नाम की भी चर्चा थी। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को राजनांदगांव से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जबकि रविन्द्र चौबे ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

#### कौन हैं विकास उपाध्याय

1998 में विकास उपाध्याय छात्र संगठन एनएसयूआई के ब्लाक अध्यक्ष बने। अगले ही साल वे इस छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष बन गए। 2004 में प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। जबकि 2006 में राष्ट्रीय सचिव बने। 2009 में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए। 2010 में राष्ट्रीय महासचिव बने। 2013 से 2018 तक रायपुर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। इसी दौरान उन्हें पहली बार विधानसभा का टिकट भी मिला, लेकिन वे चुनाव हार गए। 2018 में ही वे पहली बार विधायक बने। उन्होंने तीन बार के भाजपा विधायक राजेश मूणत को हराया था। कांग्रेस की सरकार में उन्हें संसदीय सचिव बनाया गया। 2019 में प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव बने। 2023 में वे रायपुर पश्चिम सीट से भाजपा के राजेश मूणत से चुनाव हार गए थे।

#### सिर्फ भाटापारा में जीती कांग्रेस

रायपुर संसदीय सीटअंतर्गत आने वाले 9 विधानसभा क्षेत्रों में सिर्फ इकलौती भाटापारा सीट ही है, जहां कांग्रेस का कब्जा है। 2023 के विधानसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस के इंद्रकुमार साव ने जीत हासिल की थी। इस हिसाब से देखें तो कांग्रेस के लिए पूरा का पूरा मैदान साफ दिखता है। क्षेत्र की आरंग इकलौती ऐसी सीट है, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं, भाटापारा के अलावा बलौदा बाजार से टंकराम वर्मा, धरसींवा से अनुज शर्मा, रायपुर (ग्रामीण) मोतीलाल साहू, रायपुर शहर (पश्चिम) से राजेश मूणत, रायपुर शहर (उत्तर) पुरंदर मिश्रा, रायपुर शहर (दक्षिण) बृजमोहन अग्रवाल, आरंग गुरू खुशवंत साहब, और अभनपुर से इंद्रकुमार साहू भाजपा के विधायक हैं। रायपुर लोकसभा क्षेत्र में करीब 25 लाख की आबादी रहती है, जिनमें साहू और कुर्मी समाज का वर्चस्व है। रायपुर में 30 फीसदी आबादी साहू समाज की तो 20 फीसदी आबादी कुर्मी समाज की है। हालांकि दोनों ही दलों ने इस बार सामान्य प्रत्याशी पर दांव लगाया है।

#### बृजमोहन ने लहराए सफलता के झंडे

दिग्गज भाजपा बृजमोहन अग्रवाल साल 1990 को महज 31 साल की उम्र में पहली बार विधायक बने थे। छात्र जीवन से ही इन्होंने राजनीति की शुरुआत कर दी थी।1984 में वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने। 1988 से 1990 तक वे भाजयुमो के युवा मंत्री रहे। 1990 में वे पहली बार मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायक बने। इसके बाद से 1993, 1998, 2003, 2008, 2013, 2018 और 2023 में वे लगातार विधायक निर्वाचित होते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इन्हें छत्तीसगढ़ में राजनीति का चाणक्य भी कहा जाता हैं। 2005 में उन्हें राजस्व, संस्कृति एवं पर्यटन, कानून और पुनर्वास का प्रभार सौंपा गया। इसी तरह 2006 में वन, खेल और युवा मामलों का प्रभार दिया गया। 2008 में स्कूल शिक्षा, लोक निर्माण, संसदीय मामले, पर्यटन और बंदोबस्त ट्रस्ट संस्कृति विभाग संभाला। 2013 में कृषि और जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछलीपालन, जल संसाधन, सिंचाई, आयाकट, धार्मिक और बंदोबस्त विभागों का दायित्व मिला। वहीं, 2023 में स्कूल व उच्च शिक्षा, धर्मस्व और पर्यटन, संसदीय कार्यमंत्री का दायित्व निभा रहे हैं।

#### हर विधानसभा में मिली पराजय

2019 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। इस दौरान रायपुर की 9 सीटों में से 6 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली। बावजूद इसके अगले साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा। हालात यह थे कि जिन 6 विधानसभा सीटों पर उसके विधायक थे, वहां भी उसे हार मिली। लोकसभा में कांग्रेस सभी विधानसभा सीटों पर हारी। विधानसभा सीटों के आंकड़ों की तुलना करें तो भाजपा ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक अंतर यानी 63,664 मतों से बढ़त बनाई थी, जबकि सबसे कम अंतर भाटापारा सीट पर रहा था, जहां सिर्फ 252 मतों से भाजपा को बढ़त मिली। इसके अलावा अन्य सभी सीटों पर मतों का अंतर 22 हजार से अधिक रहा। वहीं, पिछले चुनाव के दौरान भाटापारा की इस सीट पर भाजपा का कब्जा था, इसके बावजूद भाजपा को यहां से सबसे कम बढ़त मिली थी, जबकि अन्य विधानसभा सीटें कांग्रेस के कब्जे में थी, फिर भी वहां कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी थी।

## राजधानी में लाखों की लूट : आधीरात घर में घुसे लुटेरे परिवार को बनाया बंधक और लूट ले गए लाखों के जेवर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गुरुवार को आधी रात के बाद एक घर लाखों की लूट हो गई। माना थाना क्षेत्र के मकान में घुसे लुटेरों ने पहले परिवार के सदस्यों को बंधक बनाया और मास्टर की से अलमारी खोलकर लाखों के जेवर व नगदी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद डरा सहमा परिवार सुबह थाने पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लुटेरों को पकड़ने सभी थानों को अलर्ट किया गया और आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार माना बस्ती में यह लूट की वारदात उमा बाई के निवास पर हुई। उमा बाई घर पर अपने बेटे-बहू व बच्चों के साथ रहती है। गुरुवार आधीरात के बाद लगभग डाई से तीन बजे के बीच नकाबपोश लुटेरे घर में दाखिल हुए। तार के सहारे दरवाजा खोला और घर में दाखिल हुए। आहट सुनकर उमा बाई व परिवार के लोग जाग गए। लुटेरों ने उन्हें डराया धमकाया और हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद मास्टर की से अलमारी खोली और उसमें रखे जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह से उमा बाई व उसके परिवार के लोगों ने खुद को आजाद किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। माना थाना प्रभारी भावेश गौतम ने बताया कि लुटेरों की तलाश की जा रही है।

## चुनाव आयोग कल करेगा लोकसभा चुनाव की घोषणा, दोपहर 3 बजे होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग कल यानी शनिवार को देश में लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा करेगा। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा की रिक्त सीटों पर भी चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। शुक्रवार को चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कल की जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान करेगा।

बता दें मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी है। इसके लिए चुनाव आयोग शनिवार




को प्रेस वार्ता के जरिए देश में लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा करेगा। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान हो सकता है। चुनाव की तारीखों के एलान को चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

### 2019 में 10 मार्च को हुआ था चुनावों का एलान

पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान 10 मार्च 2019 को हुआ था। तब देश में सात चरण में मतदान हुआ था। 11 अप्रैल को पहले दौर का मतदान हुआ जबकि, 19 मई को सातवें यानी आखिरी दौर की वोटिंग हुई थी। वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी। 23 मई 2019 को आए चुनाव नतीजों में भाजपा गठबंधन को 303 सीटें मिलीं थीं। इनमें से अकेले भाजपा को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया था। इस जीत के साथ पार्टी ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। मुख्य विपक्षी कांग्रेस को 52 सीटों से संतोष करना पड़ा था।

## चुनाव से पहले सरकार का बड़ा फैसला, दो रुपए सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केन्द्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र एक और बड़ा फैसला किया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी करने का निर्णय लिया है। नई दरें आज सुबह यानी 15 मार्च सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। इसके साथ ही राजधानी रायपुर में पेट्रोल की कीमत प्रति लीटर 100.39 रुपए हो गई है। यहां प्रति लीटर 2.17 रुपए की कटौती की गई है। इसी प्रकार दुर्ग भिलाई में शुक्रवार को पेट्रोल की कीतम 100.65 रुपए है। यहां 2.14 रुपए की कमी की गई है।



### छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में अब पेट्रोल व डीजल के दाम

- बिलासपुर में पेट्रोल 100.97 व डीजल 93.92 रुपए प्रति लीटर
- राजनांदगांव में पेट्रोल 100.07 व डीजल 94.01 रुपए प्रति लीटर
- रायगढ़ में पेट्रोल 101.31 व डीजल 94.44 रुपए प्रति लीटर
- कोरबा में पेट्रोल 100.55 व डीजल 93.50 रुपए प्रति लीटर
- सरगुजा में पेट्रोल 101.43 व डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर
- महासमुंद में पेट्रोल 101.43 व डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर
- बस्तर में पेट्रोल 103.22 व डीजल 96.13 रुपए प्रति लीटर
- बीजापुर में पेट्रोल 104.78 व डीजल 97.66 रुपए प्रति लीटर

डीजल की बात करें तो राजधानी रायपुर में 93.33 रुपए प्रति लीटर व व दुर्ग भिलाई में 93.59 रुपए प्रति लीटर हो गया है। दोनों शहरों में क्रमश : 2.18 व 2.21 रुपए की कटौती की गई है। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पहले यह 96.72 रुपए प्रति लीटर मिल रही थी। इसी प्रकार डीजल पहले 87.62 था जो अब 89.62 रुपए है।

## दुर्ग में 10 जुआरी गिरफ्तार, जंगल में सजी थी जुए की महफिल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को पकड़ा है। इन आरोपियों में भाजपा नेता भी शामिल हैं। जिन्हें पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास नगदी रकम और मोबाइल फोन समेत ताश पत्ती बरामद की है।

दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर जुए और सट्टेबाजी के खिलाफपुलिस की कार्रवाई लगाता जारी है। इसी कड़ी में प्रशिक्षु डीएसपी अजय ठाकुर और नंदिनी थाना प्रभारी राजेश साहू के नेतृत्व में जुए के दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की गई। जिसमें मुरमुंदा चेटुवा रोड के तालाब के पास जुआ खिलाते पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दूसरी कार्रवाई में मुरमुंदा के नहर किनारे जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें मिथलेश साहू, आशुतोष तिवारी, राजकुमार ठाकुर, प्रवेश शर्मा, नागेश साहू, दीपक गायकवाड़, भुनेश्वर जोशी, महेन्द्र जोशी, रोशन टंडन और खिलेन्द्र कुमार शामिल हैं।

## यस सर! की हड़बड़ी में होती है गड़बड़ी

श्रीकंचनपथ




आदेश देने वाले तो देते ही रहते हैं पर उसपर काम करने वालों को भी अपनी बात रखने का पूरा हक होना चाहिए। पर राजनीति में यह सब नहीं चलता। वहां तो सरकार को सुझाव भी दिया तो तबादला निश्चित है। सरकार कुछ भी कह देती है, कोई सा भी डेडलाइन दे देती है और चापलूस अफसर उनकी हां में हां मिलाकर आदेश दनदना देते हैं। लिहाजा एक दिन सड़क बनती है और दूसरे दिन ही उसे खोद दिया जाता है। जनता के पैसे की यह बर्बादी सब चुपचाप देखते रहते हैं। सड़क, अंडरग्राउण्ड सीवेज, पेयजल पाइप, अंडर ग्राउण्ड केबल सब ऐसे कार्य हैं जिसे सही ढंग से अमली जामा पहनाने के लिए पहले पूरा ब्लूप्रिंट बनना चाहिए। पर ऐसा होता नहीं है। सड़क वाले को सड़क बनाने की हड़बड़ी होती है। वह जैसे-तैसे समय सीमा के भीतर सड़क बना देता है। फिर किसी को याद आता है कि अरे! यहां से तो पाइप लाइन पार कराना है। लिहाजा सड़क फिर से खोद दी जाती है। कभी सड़क बनाने की हड़बड़ी में अंडरग्राउण्ड पाइप लाइन फूट जाता है और सड़क को फिर से खोदने की जरूरत आ पड़ती है। जहां-जहां सड़कों को काटा जाता है वहां बेतरतीब स्पीड ब्रेकर बन जाते हैं। इन्हें सही ढंग से पाटते-पाटते वहां की मिट्टी दब जाती है और गड्ढे पड़ जाते हैं। एक ऐसा ही मामला रायपुर में सामने आया है। मालवीय रोड से शास्त्री बाजार जाने वाली सड़क को कुछ ही दिन पहले बनाया गया। इस सड़क की मरम्मत काफी समय से लंबित थी। कार्य स्वीकृत हुआ और सड़क बन गई। कच्ची सड़क की ऐसी रोलिंग हुई कि नीचे से गुजरने वाला पेयजल का पाइप फूट गया। अब इसकी मरम्मत के लिए दोबारा सड़क खोद दी गई। सड़क बनाने में पैसा लगाया, फिर उसे खोदने का खर्च और अब फिर से उसकी मरम्मत पर पैसा लगेगा। शायद यह भी आय के समान वितरण की कोई स्कीम है। कुछ लोग सड़क बनाने और मरम्मत करने से ही अपनी रोजी रोटी चलाते हैं। सड़कें एक बार में अच्छी बन गईं तो सालों साल इनके पास काम नहीं रहेगा। काम नहीं रहेगा तो लेबर को भी छोड़ना पड़ेगा। जिस तरह की सरकारी नीतियां बन रही हैं, लेबर मिलना ही कठिन हो गया है। बेशक! केजरीवाल रेवड़ी बांटने के नाम पर बदनाम हुए हैं पर अलग-अलग फैंसी योजनाओं के तहत रेवड़ियां तो सभी सरकारें बांट रही हैं। इस पैसे पर चतुर सुजान लोगों की नजर है। हाल ही में किसानों को धान के अंतर की राशि मिली है। उनके लिए तरह-तरह की स्कीम लेकर लोग गांव पहुंचने लगे हैं। इनमें ठगी करने वाले लोग भी शामिल हैं जो ऊंची ब्याज और कमाई का लालच देकर उन्हें निवेश के लिए उकसा रहे हैं। सरकार यदि वास्तव में किसानों की भलाई चाहती है तो इन लोगों पर सख्त नजर रखे। वरना फिर बड़ा घोटाला हो जाएगा।



## संपादकीय

### नए निर्वाचन आयुक्त

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दो रिक्त स्थानों पर नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति स्वागत योग्य कदम है। पिछले करीब एक सप्ताह से चुनाव आयोग में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही रह गए थे, अत: ये नियुक्तियां अनिवार्य हो गई थीं। तीन आयुक्तों में से एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए, जबकि दूसरे सदस्य अरुण गोयल ने विगत 9 मार्च को अचानक इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सेवानिवृत्त नौकरशाह सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार को नए चुनाव आयुक्त के रूप में चुना है। चुनाव आयुक्तों की दौड़ में 212 अधिकारियों के नाम शामिल थे, जिनमें से छह नामों की सूची ही समिति के सामने अंतिम निर्णय के लिए रखी गई। चयन समिति में शामिल विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को बैठक से कुछ देर पहले ही छह नामों की सूची सौंपी गई, जिस पर उन्होंने अपनी आपत्ति या अलग मत का इजहार किया है, जिसे पूरी तरह से शायद ही कोई खारिज कर सकता है।

> निस्संदेह, चुनाव आयुक्तों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। एक चुनाव आयुक्त टी एन शेषन भी थे, जिन्होंने अपने निर्णयों से विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष को भी सुधार करने के लिए मजबूर कर दिया था। शेषन ने सौ से ज्यादा चुनावी खामियां दूर की थीं और खामियों की वजह से उन्होंने चुनाव रोकने की प्रक्रिया शुरू की थी।

चुनाव आयुक्त चुने गए दोनों ही अधिकारी अनुभवी हैं और उनके अनुभव से आयोग को अवश्य लाभ होगा। पहली नजर में इन दोनों अधिकारियों को लेकर किसी तरह के विवाद की चर्चा नहीं है, अत: इन नियुक्तियों की सराहना की जा सकती है। सरकार के विरोधियों के बीच अक्सर यह चर्चा होती है कि गुजरात से संबंधित अधिकारियों को ज्यादा आगे बढ़ाया जाता है, पर संधू उत्तराखंड कैडर, तो ज्ञानेश कुमार केरल कैडर के अधिकारी रहे हैं। हां, अधीर रंजन चौधरी की जो शिकायत है, वह अब आगे के वर्षों में हमेशा कायम रहने वाली है। देश में सरकार कोई भी रहेगी, विपक्ष इन नियुक्तियों पर सवाल उठाता रहेगा। पिछले साल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर ऐसा कानून बन गया है, जिसके तहत चयन समिति में देश के प्रधान न्यायाधीश की कोई भूमिका नहीं रह गई है और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को दे दी गई है। जाहिर है, ऐसे में सरकार का पलड़ा भारी हो गया है, जिसकी शिकायत अगर विपक्ष के नेता कर रहे हैं, तो किसी को चौंकना नहीं चाहिए। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई भी होनी है। खैर, अब जब नए आयुक्त अपना कार्यभार संभाल लेंगे, तो अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की तिथियों का इंतजार भी खत्म होगा।

निस्संदेह, चुनाव आयुक्तों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। एक चुनाव आयुक्त टी एन शेषन भी थे, जिन्होंने अपने निर्णयों से विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष को भी सुधार करने के लिए मजबूर कर दिया था। शेषन ने सौ से ज्यादा चुनावी खामियां दूर की थीं और खामियों की वजह से उन्होंने चुनाव रोकने की प्रक्रिया शुरू की थी। अनियमितता की रिपोर्ट मिलने के बाद उन्होंने कई सीटों पर बड़े पैमाने पर पुनर्मतदान करवाया था। बहरहाल, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ही तीन सदस्यीय आयोग संबंधी 1989 में बने कानून को मुस्तैदी से लागू किया। जाहिर है, तीन सदस्यीय आयोग को राजनीतिक दलों के बीच इसी आधार पर तरजीह मिली थी कि कोई एक चुनाव आयुक्त मनमानी न कर सकेगा। इसमें कोई शक नहीं कि टी एन शेषन के बाद ही अपने देश में चुनाव आयोग को काम करते देखा गया और आज भी लोग उससे बहुत उम्मीदें रखते हैं। आज देश चुनाव की ठीक दहलीज पर है, तो फिर सबकी निगाहें आयोग और नए चुनाव आयुक्तों पर टिक गई हैं।

## पुर्तगाल में भी धुर-दक्षिण

धुर-दक्षिण एजेंडे के लिए पुर्तगाल में बढ़े समर्थन को वर्तमान यूरोपीय परिघटना का हिस्सा माना जा रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पूरे यूरोप में लोकप्रिय रही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन अब 27 सदस्यीय यूरोपियन यूनियन के सिर्फ चार देशों में बचा है।

पुर्तगाल में अपेक्षा के मुताबिक ही सोशलिस्ट पार्टी के हाथ से सत्ता निकल गई है। लेकिन दक्षिणपंथी डेमोक्रेटिक एलांयस भी निर्णायक जीत हासिल नहीं कर पाया है। इन दोनों पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत में मामूली अंतर है। 1974 में तानाशाही की समाप्ति के बाद पुर्तगाल में ऐसी स्थिति पहली बार बनी है, जब देश की दोनों प्रमुख पार्टियां अपने सहयोगी दलों को साथ लेकर भी सरकार बनाने की सूरत में नहीं है। यह सूरत धुर-दक्षिणपंथी/नव-नाजीवादी पार्टी चेगा (बहुत हो चुका) के समर्थन आधार में तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण पैदा हुई है। चेगा को 2019 के चुनाव में 1.7 प्रतिशत वोट मिले थे। 2022 में उसे सात प्रतिशत वोट मिले। इस बार के मध्यावधि चुनाव में उसने 18 फीसदी मत हासिल कर लिए हैं। इन वोटों के आधार पर 230 सदस्यीय संसद में उसे 46 सीटें प्राप्त हो जाएंगी। इस पार्टी का प्रमुख एजेंडा आव्रजन, समलैंगिकता एवं महिला अधिकार विरोध है। इस एजेंडे के लिए पुर्तगाल में बढ़े समर्थन को आम तौर पर इस समय जारी यूरोपीय परिघटना का हिस्सा माना जा रहा है। इसी अनुपात में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का आधार क्षीण हुआ है।

अब हालात ऐसे हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पूरे यूरोप में लोकप्रिय रही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन 27 सदस्यीय यूरोपियन यूनियन के सिर्फ चार देशों में बचा है। उनमें भी स्पेन में सोशलिस्ट पार्टी की सरकार बमुश्किल टिकी हुई है। जबकि आम अनुमान है कि जर्मनी में अगले आम चुनाव में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) को भारी नुकसान झेलना होगा। इसीलिए आम समझ है पुर्तगाल के ताजा नतीजों से यूरोप में धुर-दक्षिणपंथ का कारवां आगे बढ़ा है। इसका असर नौ जून को होने वाले यूरोपीय संसद के चुनाव में देखने को मिल सकता है, जिसमें विभिन्न देशों में धुर दक्षिणपंथी पार्टियों को बड़ी सफलता मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटनाक्रम का कुल सार यह है कि समृद्धि और आम संपन्नता का दौर गुजरते ही यूरोप के बहुचर्चित कल्याणकारी ढांचे की चूलें हिलने लगी हैं। इस महाद्वीप पर भी (डॉनल्ड) ट्रंप परिघटना का साया हर रोज अधिक गहराता जा रहा है।



# एक देश एक चुनाव में सबका हित

प्रकाश रावत, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति ने 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी सिफारिशें सौंप दी हैं, जो मेरी निगाह में उचित हैं। यह भारत की जरूरत भी है। साल 1982-83 में खुद चुनाव आयोग ने पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी। बतौर मुख्य चुनाव आयुक्त मैंने भी महूसस किया था कि आयोग किस कदर काम के दबाव में रहता है। उसे मतदान-नतीजों पर दायर याचिकाओं के जवाब देने के साथ-साथ राज्यसभा, राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, विधान परिषद् आदि चुनाव भी संचालित करने होते हैं। फिर हर साल चार-पांच विधानसभाओं के लिए भी मत डाले जाते हैं। लोकसभा के चुनाव अलग से होते ही हैं। इसीलिए चुनाव आयोग की एक राय रही है कि कम से कम लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने चाहिए। अभी बेल्जियम, स्वीडन और दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर के चुनाव एक साथ होते हैं। अगर अपने यहां भी इस पर सहमति बनती है, तो भारत इस परिवार का चौथा सदस्य बन जाएगा।

बहरहाल, कोविंद समिति ने सिफारिश की है कि लोकसभा व विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएं, और उसके अगले 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय के चुनाव होने चाहिए। इसके लिए आयोग को जरूरी 'लॉजिस्टिक' व्यवस्था, यानी ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की खरीद, मतदान कर्मियों व सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और अन्य आवश्यक उपाय भी करने होंगे। ये व्यावहारिक सिफारिशें हैं। बस, इसके लिए पहले व्यापक राजनीतिक सहमति बनानी होगी। सियासी दलों में यह आशंका बिल्कुल नहीं होनी चाहिए कि किसी खास एजेंडे के तहत ऐसा किया जा रहा है। अगर संविधान में जरूरी संशोधन हो जाएंगे, तो आगे की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। बेशक, सभी दल इस पर सहमत नहीं होंगे, लेकिन अधिकांश पार्टियों को साथ लेकर चलने में ही भलाई है।

हालांकि, इसे अदालत में भी चुनौती दी जा सकती है। न्यायिक समीक्षा की व्यवस्था हमारे लोकतंत्र को समृद्ध ही बनाती है। मगर संभावना यही है कि ऐसी याचिकाएं खारिज हो जाएंगी। इसकी वजह यह है कि भारत के शुरुआती चार चुनाव (1952, 1957, 1962 और 1967) इसी तर्ज पर हो चुके हैं। लिहाजा, अभी किसी नई व्यवस्था की सिफरिश नहीं की गई है या कोई अनुचित काम नहीं हो रहा। वैसे भी, सियासी दलों को इससे फायदा ही होगा। अभी पूरे पांच साल सत्ता पक्ष और विपक्ष में नूरा-कुश्ती होती रहती है। सरकार बचाने और गिराने में दोनों पक्ष तमाम तरह के उपाय करते रहते हैं। नतीजतन, माननीयों को सदन में जरूरी बहस करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। अब विधेयकों पर चर्चा कम होती है, और ध्वनिमत से उनका पारित होना आम बात हो गई है। विकास कार्यों में लगने वाला ज्यादातर समय चुनावी रैलियों में बर्बाद होने लगा है। लिहाजा, एक साथ चुनाव होने के बाद इन सबसे पार पाना संभव हो सकेगा।

> यहां यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि ईवीएम-निर्माण में गड़बड़ी भी हो सकती है। हर मशीन के निर्माण की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है, जो स्थायी तौर पर सुरक्षित रखी जाती है। यदि किसी ईवीएम में आपराधिक गड़बड़ी पकड़ में आती है, तो अपराधी तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

कहा यह भी जा रहा है कि इससे चुनाव-खर्च में कमी आएगी। हालांकि, यह कोई बड़ा मसला नहीं है। असल में, किसी चुनाव-खर्च के दो हिस्से होते हैं- एक, राजनीतिक दलों के खर्च, दूसरा, चुनाव प्रबंधन का खर्च। आकलन है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में सियासी दलों ने तकरीबन 60 हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे। एक साथ चुनाव होने पर भी इसमें कमी होने की बहुत संभावना नहीं दिखती, क्योंकि जिनके पास पैसे हैं, वे खर्च करेंगे ही। रही बात चुनाव प्रबंधन की, तो पूरे विश्व में सबसे सस्ता चुनाव भारत ही कराता है। अपने देश में चुनाव के प्रबंधन में प्रति वोट एक डॉलर का खर्च आता है, जबकि इसमें 'लॉजिस्टिक' खर्च भी शामिल है। पाकिस्तान के हालिया चुनाव में यह खर्च 1.76 डॉलर प्रति वोट था, जबकि दक्षिण अफ्रीका 25 डॉलर का खर्च वहन करता है। आंकड़े यही हैं कि ज्यादातर देश दो डॉलर से लेकर 25 डॉलर तक खर्च करते हैं। ऐसे में, एक साथ चुनाव कराने से हम यदि कुछ रकम और बचा लेंगे, तो वह बहुत मायने नहीं रखेगा। वैसे भी, जहां चुनाव पर सालाना अरबों रुपये खर्च होते हों, वहां कुछ करोड़ रुपये की बचत का प्रतीकात्मक महत्व ही ज्यादा है।

हां, ईवीएम-वीवीपैट मशीनों को बनाने में वक्त लग सकता है। अभी चुनाव आयोग के पास 20 लाख ईवीएम-वीवीपैट मशीनें हैं। साल 2024 के आम चुनाव में अनुमानत: 15 लाख मशीनों की जरूरत पड़ेगी, जबकि शेष राज्य विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल होंगी। अगर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराए जाएं, तो लगभग 40 लाख ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की दरकार होगी। चूंकि देश में सिर्फ दो कंपनियां (भारत इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) ईवीएम-वीवीपैट मशीनें बनाती हैं और इनकी क्षमता प्रतिवर्ष पांच से छह लाख मशीनें बनाने की है, तो शेष 20 लाख ईवीएम-वीवीपैट मशीनें बनाने में इनको करीब तीन-साढ़े तीन साल का वक्त लग सकता है। फिर इसके लिए पूंजी की व्यवस्था भी एक मसला है, क्योंकि एक ईवीएम के निर्माण पर 32 हजार रुपये का खर्च आता है।

स्पष्ट है, चुनाव आयोग पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने में सक्षम है। कर्मियों की कमी कोई मसला नहीं है। हमारे संविधान-निर्माताओं ने शुरुआत में ही इसकी मुकम्मल व्यवस्था कर दी है। भले ही, तब एक चुनाव आयुक्त और कुछ कर्मियों के साथ चुनाव आयोग की परिकल्पना की गई थी, जो अब बढ़ते-बढ़ते तीन चुनाव आयुक्त और करीब 350 कर्मियों का एक कुनबा बन चुका है, लेकिन भारतीय संविधान ने चुनाव आयोग को यह अधिकार दे रखा है कि वह जरूरत पड़ने पर जितने चाहे, उतने केंद्र व राज्य कर्मियों की सेवाएं ले सकता है, और वे उसे देने से इनकार भी नहीं कर सकते। जाहिर है, भारत में एक साथ चुनाव कराने में कोई अड़चन नहीं है। अगर इस पर व्यापक राजनीतिक सहमति बनती है, तो साल 2029 एक नई व्यवस्था का शुरुआती-बिंदु साबित हो सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## कितना कुछ जाहिर होगा?

> आशंका जताई गई है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में ही ऐसी बात शामिल है, जिससे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएं जाहिर होने से रह जाएंगी। फिलहाल, यह नहीं मालूम होगा कि किस व्यक्ति या उद्योग घराने ने किस पार्टी को कब और कितना चंदा दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने आम चुनाव तक इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधित विवरण पर परदा डालने की भारतीय स्टेट बैंक की कोशिश नाकाम कर दी। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब 15 मार्च को स्टेट बैंक से मिली जानकारियां निर्वाचन आयोग को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होंगी। इससे देश को पता चलेगा कि इन बॉन्ड्स के माध्यम से किन लोगों या उद्योग घरानों ने राजनीतिक चंदा दिया। किस राजनीतिक दल को कितना चंदा मिला, यह ब्योरा भी आयोग की वेबसाइट पर आ जाएगा। मगर यह सूचना तो पहले से सार्वजनिक दायरे में उपलब्ध है। आशंका जताई गई है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में ही ऐसी बात शामिल है, जिससे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएं जाहिर होने से रह जाएंगी। फिलहाल, यह नहीं मालूम होगा कि किस व्यक्ति या उद्योग घराने ने किस पार्टी को कब और कितना चंदा दिया। अगर ये जानकारियां सामने आतीं, तो सिविल सोसायटी के लोग यह आकलन करने की स्थिति में होते कि केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ताधारी दलों को किन घरानों से कितना पैसा मिला।



फिर वे यह पड़ताल करते कि क्या संबंधित सरकार ने से फैसला लेते वक्त उन खास घरानों के साथ पक्षपात किया। यानी क्या उन घरानों को कोई अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इससे वह पारदर्शिता आती, जिससे भविष्य में धनी-मानी तबकों और राजनीतिक दलों के बीच होने वाली प्रत्यक्ष लेन-देन पर रोक लगती। मगर, स्टेट बैंक ने कह दिया कि यह मिलान करने में उसे बहुत वक्त लगेगा। इस बीच उसके पास चंदा दाताओं और चंदा प्राप्तकर्ताओं की सूची है, जिसे वह सौंप सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी कर दी कि उसने कभी वह ब्योरा देने को नहीं कहा था, जिसके लिए स्टेट बैंक समय मांग रहा है। कोर्ट के इस नजरिए से उन बहुत से लोगों को निराशा हुई है, जो चुनावी चंदे में पूरी जवाबदेही के लिए प्रयासरत रहे हैं। इस तरह उनके नजरिए से देखा जाए, तो इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पारदर्शिता की आंशिक जीत ही है। अब देश के मतदाताओं को अगले आम चुनाव में अपना निर्णय बिना उपरोक्त महत्त्वपूर्ण जानकारी के ही तय करना होगा।

## बड़ी समस्याओं से घिरते शहर में भी बेफिक्र सो रहे हम

राहुल जैकब, आर्थिक शोधकर्ता व वरिष्ठ पत्रकार

हमारे प्रमुख शहरों के कुप्रबंधन की महागाथा के बारे में अब तक लिखे गए सबसे चिंताजनक लेखों में से एक इस सप्ताह सामने आया। यह लेख बेंगलुरु के जल संकट पर केंद्रित था। वेल लैब्स के दो शोधकर्ताओं, रश्मी कुलरंजन और शशांक पालुर द्वारा लिखित तथ्य व आंकड़ों से भरपूर लेख था। आंकड़े कभी-कभी शब्दों से भी ज्यादा जोर से बोलते हैं। सोचकर देखिए, कभी शहर की अच्छी तरह से प्रबंधित झील प्रणाली, जिसे आंशिक रूप से आवास परिसरों, मॉल और इसी तरह की इमारतों के लिए जगह बनाने के लिए पक्का कर दिया गया है, अभी भी 41,600 मिलियन लीटर पानी जमा कर सकती है, पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि शहर का 1,000 मिलियन लीटर सीवेज प्रतिदिन झीलों में छोड़ा जाता है, जिससे झीलों का जल उपयोग लायक नहीं रह जाता है। इस दुरुपयोग से बाढ़ का खतरा भी बढ़ जाता है। दोनों लेखकों ने लिखा है कि जब पाइप से जलापूर्ति शुरू की गई, तो झीलों ने अपना महत्व खोना शुरू कर दिया। बेंगलुरु की पानी की जरूरतें कावेरी नदी और हजारों बोरवेलों के पानी से पूरी होती हैं।

स्थितियां बिगड़ रही हैं, पर ध्यान अधिक संख्या में बोरवेल खोदने पर है, न कि जल संरक्षण और बेहतर झील प्रबंधन पर। शहर के 11,000 सरकारी बोरवेलों में से लगभग दस प्रतिशत सूख चुके हैं। जिस हिसाब से धरती से जल खींचा जा रहा है, उस हिसाब से धरती में जल जाने नहीं दिया जा रहा है। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह महत्वपूर्ण लेख वॉट्सएप यूनिवर्सिटी में बार-बार अग्रेषित नहीं हुआ।

वास्तव में अपने संकट के प्रति उदासीनता भारत के महानगरों में व्याप्त संकटों को ही रेखांकित करती है, चाहे वह गंदी या खराब सड़कें हों, प्रदूषित हवा हो या खतरनाक परिवहन। नगर प्रशासन ने वर्षों से शहर के जल निकायों को नष्ट करने में सक्रिय भूमिका निभाई है और जिस तरह की आपदाओं से हम जूझ रहे हैं, उससे निपटने के लिए हमारी सरकार तैयार नहीं है। हम कमजोर लोग हैं और हमारे आपदा प्रबंधन कौशल अपरिष्कृत और खराब हैं। वैसे इन टिप्पणियों को आप बेंगलुरु ही नहीं, दिल्ली से भी जोड़कर देख सकते हैं।

> बेंगलुरु में जल संकट बहुत बढ़ चला है। ऐसी स्थिति में सरकार को दोष देना बहुत आसान है, लेकिन असली दोषी तो हम हैं। हमारे प्रमुख शहरों के कुप्रबंधन की महागाथा के बारे में अब तक लिखे गए सबसे चिंताजनक...



किसी संकट की स्थिति में जुगाड़ करने की हमारी बहुप्रचारित क्षमता अयोग्यता को छिपाने का तरीका मात्र है। सार्वजनिक संसाधनों को महत्व देने में कुछ कमी आ गई है। बड़े भवनों और मध्यमवर्गीय घरों में पानी की बेतहाशा बर्बादी से निपटने का एक आसान तरीका पानी के मीटर लगाना और इसके लिए शुल्क वसूलना है। अब जलवायु परिवर्तन और उसके साथ होने वाली अनियमित वर्षा ने बेंगलुरु के सामने संकट पैदा कर दिया है। दक्षिण भारत के सभी जलाशय बहुत निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। हमें दीर्घकालिक और विचारशील समाधानों की जरूरत है, पर पिछले एक हफ्ते में बेंगलुरु में राज्य सरकार और जल अधिकारियों ने खांटी तुगलकी आदेशों के साथ प्रतिक्रिया दी है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि अगर लोग कार धोने या पौधों को पानी देने के लिए ताजे पानी का इस्तेमाल करते हैं, तो 5,000 रुपये का जुर्माना लग जाएगा। कोई भी पानी के मीटर और पानी के लिए शुल्क के बारे में बात नहीं कर रहा है, यह उस शहर में शायद ही आश्चर्य की बात है, जहां सरकार ने बिजली पर अंधाधुंध सब्सिडी दे रखी है।

हालांकि, ऐसी स्थिति में सरकार को दोष देना बहुत आसान है, पर असली दोषी तो हम हैं। भारत में जो चीजें निजी तौर पर किसी के स्वामित्व में नहीं हैं, जैसे जल, वायु, पहाड़ इत्यादि, सभी का बहुत बुरी तरह से प्रबंधन होता है। लोगों की सोच ठीक नहीं है। पानी बर्बाद करने वाले सोचते हैं कि पानी उनके कुएं से आ रहा है, तो किसी को भी उससे कोई मतलब नहीं होना चाहिए। मतलब, कुआं भी उनका निजी है और उसमें आने वाला पानी भी उनका निजी है। ऐसी गलत समझ रखने वाले लोग अभी भी बहुत हैं। लोगों को पता नहीं है कि वह जल संरक्षण कैसे कर सकते हैं। बेंगलुरु में शीशे के वातानुकूलित भवनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर काम चल रहा है, लेकिन खुद बेंगलुरु जिस संकट में फंस गया है, उसके बारे में न सामूहिक बुद्धिमत्ता दिखती है और न ही आवश्यक इच्छाशक्ति!

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र तीन माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए हैं और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से किसान खुश हैं।

किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी से छत्तीसगढ़ सरकार ने अमल में लाया है, यह स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 24.72 लाख किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि 13320 करोड़ रूपए का भुगतान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ भी हो चुका है। भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करनी पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा।

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में सिंचाई रकबे में विस्तार के लिए नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कृषक उन्नति योजना : धान की बोनस राशि पाकर प्रदेश के किसानों में उत्साह का माहौल

**रायपुर।** धान की बोनस राशि पाकर प्रदेश के किसानों में उत्साह का माहौलछत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कृषक उन्नति योजना बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत 12 मार्च को 24.72 लाख से अधिक किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया है। पूरे राज्य के किसानों में उत्साह का माहौल हैं। अब बाजारों में भी रौनकता छा गई है। किसान राशि का उपयोग खेती-बाड़ी के सामान खरीदने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, बेटा-बेटी का शादी ब्याह करने के लिए राशि का बेहतर उपयोग कर रहे हैं। बेमेतरा जिले के साजा विकासखंड के कोबिया गांव के किसान शैलेश वर्मा, मोहभट्ठा गांव के विनोद वर्मा, सगोनी के किसान लालसिह वर्मा और महेश कुमार साहू बहुत खुश है क्योंकि इनके खाते में अंतर की राशि आ गयी है। राज्य सरकार द्वारा अपने वादे के मुताबिक किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीद की गई है। ख़रीफ़में 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। किसानों को धान की खरीदी के लिए सरकार ने एमएसपी दिया है तथा किए गए वादे के मुताबिक़ हर किसान को धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया गया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत एकमुश्त आदान सहायता राशि मिलने से जिले के किसान काफी खुश है। इसके लिए किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। बलौदाबाजार जिले के ग्राम करमदा निवासी किसान नागमणी वर्मा ने कहा कि यह योजना बहुत लाभदायक है। लगभग 1 लाख रुपये की अंतर राशि खाते में एकमुश्त जमा हुई है। राशि का उपयोग मैं खेती किसानी को बढ़ाने एवं बच्चों के पढ़ाई में करूंगा। मेरे बच्चे अभी पढ़ाई करते हैं जिसके लिए उन्हें गृह ग्राम से दूर जाना पड़ता है। मैं इस राशि से अपने बच्चों के लिए वाहन लेना चाहता हूँ। जिससे उनके आवागमन में कोई समस्या ना हो।

### 8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए, सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए, खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए, छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए, सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए और सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

### जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा की जाएगी : टंक राम वर्मा

## जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के 544 प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा ईश्वर की देन है, यह समाज को ईश्वर का अनुपम उपहार है। जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद सुनील सोनी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 5 साल बाद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उनका सम्मान और पुरस्कार मिलने जा रहा है, मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के शहीदों के नाम पर स्थापित राज्य खेल अलंकरण समारोह का शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली हमारी सरकार द्वारा ही किया गया था। यह बहुत अफ्सोस की बात है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पिछले 5 सालों से राज्य में खेल अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ ही नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार को बने अभी केवल 3 महीने ही हुए हैं। इन थोड़े से ही दिनों में ही राज्य में हमने खेलों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ की जाएगी। राज्य में पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। जशपुर में मॉडर्न खेल स्टेडियम एवं रायगढ़ तथा बलौदाबाजार जिले में इंडोर स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के निर्माण का निर्णय लिया जा चुका है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों ने इस सम्मान के लिए बहुत संघर्ष किए है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इस सम्मान का आयोजन रोक दिया गया था। जिसके लिए खिलाड़ियों को रास्ते में आकर आंदोलन करना पड़ा। उसी का परिणाम है कि आज हमारी सरकार द्वारा पुन: इस खेल अलंकरण सम्मान को शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में खेल गतिविधि को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि वर्ष 2007 से राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ी योजना प्रारंभ की गई है। राज्य में 74 खिलाड़ियों को नौकरी दी जा चुकी है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा के लिए खिलाड़ियों से प्राप्त आवेदनों के पुनर्परीक्षण हेतु समिति का गठन किया जा चुका है, जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा की कार्यवाही भी की जाएगी।

कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 हेतु शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को अलंकरण से सम्मानित करते हुए 269 खिलाड़ियों को वर्ष 2019-20 के लिए पुरस्कार राशि 30.36 लाख रूपए तथा 2020-21 के लिए 142 खिलाड़ियों को 19 लाख 32 हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी गई। कार्यक्रम में कार्यक्रम में विधायक सर्व राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू, जनप्रतिनिधि, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम एवं सहित खेल विभाग के अधिकारीगण और बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल थे।

## ग्रामीणों को नहीं मिली मजदूरी, साल भर से लगा रहे हैं बैंक का चक्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी नहीं मिलने का मामला सामने आया है। बता दें कि इन मजदूरों ने डबरी निर्माण कार्य में गोदी खोदने का काम किया था। लेकिन 1 साल बीत जाने के बाद भी इन ग्रामीणों की मजदूरी नहीं मिल पाई है, जिसकी वजह से इन लोगों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों को नहीं मिली मजदूरी

पूरा मामला नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोंगेरा का है। बता दें कि यहां पर साल भर पहले मनरेगा के तहत डबरी निर्माण काम में 50 ग्रामीणों ने गोदी खोदने का कार्य किया था जिसका भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। भुगतान नहीं होने की वजह से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

मामले को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि साल भर से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें मजदूरी नहीं मिल पा रही है। जिसकी वजह से जीवन यापन करने में इन लोगों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

### सहायक सचिव पर लगाया आरोप

मामले को लेकर ग्रामीणों ने सहायक सचिव पर जाब कार्ड में हाजिरी नहीं भरने और सही जानकारी विभाग को नहीं भेजे का आरोप लगाया है। इसके अलावा लोगों ने कहा है कि जल्द भुगतान नहीं होने पर इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर से करेंगे। इस मामले को लेकर मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले

इससे पहले भी ग्रामीणों को मजदूरी न मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में 200 मजदूरों के मजदूरी न मिलने का मामला सामने आया था। इससे नाराज मजदूरों ने रोजगार सहायक की जमकर पिटाई कर दी थी। बता दें कि जिले के कोंटा ब्लॉक के दुलेड़ पंचायत के अलग-अलग गांव में चार तालाब और देवगुड़ी निर्माण का काम हुआ था। जिसमें काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी नहीं मिली थी।

## कॉमिक्स निर्माण का प्रशिक्षण स्कूलों तक पहुंचे: स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉमिक्स निर्माण में जो प्रशिक्षण आपने लिया है वह स्कूलों तक अवश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण तभी सफल होता है, जब प्रशिक्षण में कही गई बातों को आत्मसात कर हम उसे बच्चों तक पहुंचाएं।

स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी ने नवीन गतिविधियों के माध्यम से खेल-खेल में पढ़ाई पर जोर देते हुए कहा कि हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत किए गए प्रावधानों के अनुसार बच्चों को उनकी मनोदशा, मनोभावना को समझ कर क्रमश: सीखना है और सीखने और सीखने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ही कॉमिक्स निर्माण की यह कार्यशाला आयोजित की गई है। इस अवसर पर एससीईआरटी के संचालक राजेंद्र कुमार कटारा, अतिरिक्त संचालक जे. पी. रथ, डाइट की प्राचार्य डॉ. निवेदिता सिंह भी उपस्थित थी।

## शहर को मिलेगी बड़ी राहतः जल्द शुरू होगा धमतरी बायपास

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी शहर के लिए सबसे पुरानी और सबसे बड़ी मांग यानी कि धमतरी बाईपास जल्द ही शुरू हो जाएगा। इस रास्ते के शुरू होने में जो आखिरी अड़ंगा बचा हुआ है यानी कि हाई टेंशन बिजली सप्लाई की लाइन की ऊंचाई बढ़ाने का काम, वह जल्द ही पूरा हो जाएगा।



उम्मीद है कि आने वाली 16 या 17 तारीख को बाईपास को खोल दिया जाए। बाईपास के खुल जाने के बाद धमतरी शहर को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। शहर के अंदर से गुजरने वाली सड़क से यातायात का दबाव आधे से भी काम हो जाएगा। खास तौर पर भारी वाहनों को शहर से नहीं गुजरना होगा।

यह वाहन चालकों के लिए तो राहत की बात होगी ही शहर के अंदर ट्रैफिक जाम, दुर्घटना, शोर और प्रदूषण इसमें भी भारी कमी आएगी। शहर के अंदर लोग अब सुकून महसूस करेंगे। बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी और धमतरी पुलिस के यातायात के अधिकारियों ने एक साथ बाईपास का निरीक्षण किया और इसे जल्द ही शुरू करने पर भरोसा जताया है।

### जल्द पूरा हो सकता है सपना

आपको बता दें कि एनएच 30 जो पहले धमतरी शहर के बीच से होकर गुजरती थी। यह सड़क राजधानी को बस्तर और दक्षिण भारत के राज्यों से जोड़ने वाली सड़क है। लिहाजा इस सड़क पर साउथ इंडिया वाहन दिन रात यहां से होकर गुजरते रहते है। इसके साथ ही साथ धमतरी शहर वालों की गाड़ियां हैं और इकलौती सड़क पर इसी कारण यातायात का भारी दबाव बना हुआ रहता है।

इसी के कारण करीब 2 दशक से धमतरी शहर को एक बाईपास देने की मांग जनता की तरफ से उठाती रही है। केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद यह सड़क बनाकर भी तैयार हो गई, लेकिन आम लोगों के लिए खोली नहीं जा सकी थी।

अब कुछ दिनों में अगर यह सड़क खुल जाती है तो धमतरी की यह पुरानी मांग जल्दी पूरी हो जाएगी।

### प्रदेश कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिला चेंबर प्रतिनिधि मंडल

## मंडी तथा कृषक कल्याण शुल्क में राहत देने सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में प्रदेश कृषि मंत्री राम विचार नेताम जी से चेंबर प्रतिनिधि मंडल मिला जहां कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों को राहत देने तथा गेहूं और दलहन में लगने वाले मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट देने ज्ञापन सौंपा।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी जी ने बताया कि आज प्रदेश कृषि मंत्री रामविचार नेताम से चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात कर शासन द्वारा कृषकों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने पर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों को राहत देने तथा गेहूं और दलहन में लगने वाले मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट देने ज्ञापन सौंपा। श्री पारवानी ने आगे बताया कि धान आधारित पोहा प्रसंस्करण उद्योगों पर पहले 100 पर 1 की दर से मंडी शुल्क वसूला जाता था परंतु वर्तमान में जारी नवीन अधिसूचना के अंतर्गत विनिर्माण में उपयोग में ले जाने के पश्चात 100 पर मंडी शुल्क 1.5 एवं 0.5 कृषक कल्याण शुल्क लागू किया गया है जिससे कृषि आधारित पोहा प्रसंस्करण उद्योगों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। श्री परवानी ने आगे कहा कि प्रदेश में कृषि उपज धान पर आधारित लगभग 250 खाद्य प्रसंस्करण की पोहा उद्योग की लघु इकाइयाँ स्थापित हैं जिसमें लगभग 25000-30000 लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होता है और विशेष रूप से शत-प्रतिशत स्थानीय श्रमिकों को ही रोजगार प्रदान किया जाता है। इन उद्योगों के उत्पादन का लगभग 90: भाग अन्य राज्यों को निर्यात किया जाता है। वर्तमान स्थिति में प्रतिस्पर्धी राज्यों मध्यप्रदेश, गुजरात, बिहार एवं महाराष्ट्र आदि राज्यों में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नहीं की जाती, अत: वहां के पोहा उद्योगों को काफी सस्ती दरों पर धान उपलब्ध हो जाता है और वर्तमान में तो दरों में काफी ज्यादा अंतर हो गया है। इसके चलते प्रदेश में पोहा एवं मुरमुरा उद्योग अन्य राज्यों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में पिछड़ गए हैं तथा छत्तीसगढ़ में लगभग 50-60 इकाइयाँ बंद हो गई हैं और बची शेष इकाइयां भी संकट के दौर से गुजर रही हैं। जिसका उद्योग एवं रोजगार के क्षेत्र में काफी विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है तथा इस नए आदेश के लागू होने से प्रदेश के कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग गंभीर संकट में आ जायेंगे क्योंकि लगने वाले अतिरिक्त शुल्क से उद्योग व्यापार में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जायेंगे तथा शेष बचे उद्योग बंद होने की कगार पर आ जायेंगे जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास की गति में भी विपरित प्रभाव पड़ेगा। श्री पारवानी ने यह भी बताया कि विगत कई वर्षों से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान की जाती रही है इससे प्रदेश के व्यवसायी पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धी दरों पर व्यापार कर पाते हैं। विगत वर्ष भी छूट प्रदान की गई थी जो वर्तमान में मार्च 2023 को समाप्त हुई है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगाः विष्णु देव साय

## मोहला में आयोजित 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर (ए.)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगा। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए तेजी से कार्य करते हुए मोदी जी की गारंटियों को पूरा कर रही है। हम जनता से किए हर वायदे को पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय आज मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के दशहरा मैदान मोहला में आयोजित 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित नव गठित पांच जिलों को संवारने के लिए राज्य सरकार हरसंभव उपाय करेगी। जिलों के विकास के लिए संसाधनों की कमी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मोहला में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने इसके अलावा मानपुर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड, तालाब सौंदर्यीकरण, गोटाटोला में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा, मोहला-मानपुर कॉलेज को पीजी कॉलेज में अपग्रेड करने तथा छुरिया मंदिर से शीतला मंदिर तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने इस अवसर पर 46 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपए की लागत के 115 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया तथा 128 हितग्राहियों को विभिन्न योजना अंतर्गत 18 लाख 10 हजार रूपए की सामग्री व चेक का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम स्थल से ही आकांक्षी जिला के तहत भारत नेट योजनांतर्गत ऑनलाइन माध्यम से जोड़े गए 144 ग्राम पंचायतों में से ग्राम पंचायत केकतीटोला, गौलीटोला एवं कुंजामटोला के सरपंचों से वर्चुअल संवाद किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में जनता ने विश्वास दिखाया है। छत्तीसगढ़ शासन के तीन माह की अवधि पूर्ण हो गई है और 90 दिन में छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत बड़े कार्य किए हैं। आज 46 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपए के 115 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है, जिसके लिए उन्होंने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही वादा निभाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि नये वित्तीय वर्ष में आवास बनना प्रारंभ हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने किसानों को गारंटी दी थी कि हमारी सरकार बनी तो हम 2 साल का बकाया धान बोनस देंगे। अटल जी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस पर हम लोगों ने 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित कर इस गारंटी को भी पूरा कर दिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गारंटी दी थी। हमने इस गारंटी को पूरा करते हुए समर्थन मूल्य का एकमुश्त भुगतान किसानों को किया और 12 मार्च को 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए एकमुश्त राशि भी अंतरित कर दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि बैंक खाते में आएगी। योजना के तहत राज्य के 70 लाख से अधिक महिलाओं को 655 करोड़ रूपए की प्रथम किश्त उनके बैंक खाते में अंतरित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना प्रदेश में प्रारंभ कर दी गई है और अभी तक रायपुर एवं बिलासपुर से दो बार रामभक्त अयोध्या गए है। आगे भी श्रद्धालु अयोध्या जाएंगे।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के 498 ग्राम पंचायत चयनित किए गए हैं, जिनमें 800 करोड़ रूपए की लागत से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जिले में 10 एकड़ में एकलव्य विद्यालय का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार के होने से अनेक विकास कार्य जिले में हो रहे हैं। क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप आवास, बिजली, पानी, अस्पताल, विद्यालय जैसे बुनियादी कार्य पूरे किए जा रहे हैं। जिले को संवारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ के समीप सोलर पैनल से विद्युत निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक इन्द्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक संजीव शाह, कोमल जंघेल, दिनेश गांधी, कंचन बाला भूआर्य, नम्रता सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में हितग्राही और नागरिक उपस्थित थे।



### वनवासियों के पैरों में कांटे न गड़े इसका ध्यान रखेगी सरकार

श्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए संग्रहण दर 4000 रूपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चरण पादुका योजना फिर से प्रारंभ की जाएगी। इसके तहत वनवासियों को चरण पादुका दी जाएगी, ताकि उनके पैरों में कांटे न गड़े। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति एवं बीमा की व्यवस्था की जाएगी। सरकार जरूरतमंदों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर देगी। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करेंगे।

### नियद नेल्लानार योजनाः 21 सुरक्षा केन्द्र ग्रामीण के लिए बने सुविधा केन्द्र

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला संवेदनशील जिला है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैम्प खोले जा रहे हैं और तीन माह में 21 कैम्प प्रारंभ किए है, जो सुविधा केन्द्र भी है। इसके पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से किया जाएगा। इन संवेदनशील क्षेत्रों में आपका अच्छा गांव योजना के अंतर्गत पेयजल, सड़क, शिक्षा, राशन, आधार कार्ड जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रारंभ होगी। प्रधानमंत्री ने 7 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि रेलवे सेक्टर में दी है। उन्होंने 5 नए जिलों को संवारने तथा वहां के समग्र विकास के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में विश्व में पांचवें स्थान पर ला दिया है। आने वाले 5 वर्षों में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित जिला की बात भी करनी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वनोपज एवं खनिज संपदा से भरपूर एवं समृद्ध राज्य है। लघु वनोपज का मूल्य संवर्धन करने की जरूरत है। यहां कोयला, लोहा, सोना, टीन, बाक्साईड जैसे खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

## खास खबर...

### तीन वीर शहीदों के परिजनों को 20-20 लाख रुपए राशि का चेक वितरित किया



**रायपुर (ए.)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि भारतीय सेना के अदम्य साहस, रणनीतिक कुशलता और असीम देश प्रेम के चलते कोई शत्रु भारत की ओर आंख उठा कर नहीं देख सकता। आज भारत यदि महाशक्ति है तो इसका एक बड़ा कारण भारतीय सेना है। मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक के निकट नवनिर्मित सैनिक विश्राम गृह भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का निर्माण एक करोड़ 4 लाख रूपए की लागत से किया गया है। भवन में सैनिक परिवारों के लिए विश्राम कक्ष, सम्मेलन सामुदायिक हॉल एवं मनोविनोद कक्ष की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन के अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, राज्य सैनिक बोर्ड के संचालक बिग्रेडियर विवेक शर्मा विशिष्ट सेवा मेडल (सेवा निवृत्त) और सैनिकों के परिवारजन उपस्थित थे।

श्री साय ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले तीन वीर शहीदों हवलदार नवीन कुमार, नायक मोतीराम एवं सिपाही मनीष कुमार की पत्नी/माताओं को राज्य शासन की ओर से एक्सग्रेसिया 20-20 लाख रूपए का अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जवानों की शहादत को नमन करते हुए यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में आश्रित परिवारजनों को हरसंभव मदद शासन की ओर से की जाएगी। श्री साय ने कहा कि मुझे वीर नारियों के सम्मान का अवसर मिला, यह मैं अपना सैभाग्य मानता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा में लगे हमारे वीर जवानों ने अपने सर्वोच्च बलिदान से देश का स्वाभिमान बढ़ाया है। आज हम देश में सुरक्षित महसूस करते है तो इसके पीछे हमारे जांबाज सैनिक ही हैं। परसों ही हमारी सेना ने पोखरण में ऑपरेशन भारत शक्ति के माध्यम से युद्ध अभ्यास किया। हमारे स्वदेश में बने ड्रोन ने एक सौ टारगेट पर सफ्लतापूर्वक प्रहार किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राष्ट्र कवि पंडित माखन लाल चतुर्वेदी की कविता 'पुष्प की अभिलाषा' से अपनी बात प्रारंभ करते हुए सैनिकों के शौर्य और पराक्रम को याद किया। उन्होंने कहा कि सैनिक आजीवन सैनिक होता है। पूर्व सैनिक होता ही नहीं। गृह मंत्री ने आंध्रप्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्नातक प्रमाण पत्र 6 भूतपूर्व सैनिकों को प्रदान किया।

## एमिटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सेल्वामूर्ति ने सीएम से की मुलाकात

**रायपुर (ए.)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में एमिटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति एवं कुलपति डॉ. पीयूष कांत पांडेय ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अरुण पटनायक भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ मानव संसाधन विकसित करने के साथ-साथ आदिवासी विकास, जल जीवन मिशन कार्यान्वयन, हर्बल दवा विकास, कृषि उत्पादकता वृद्धि और कौशल विकास के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की क्षमता निर्माण सहित सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के माध्यम से राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदेश के विकास एवं समाज हित के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

## स्कूलों में शारीरिक शिक्षा को वैकल्पिक विषय में शामिल किया जाएगा : बृजमोहन

**रायपुर (ए.)।** खेल ही जीवन, जीवन ही खेल है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और जीवन को जीने का एक तरीका भी। खेलों के माध्यम से हम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। ऐसे में शारीरिक शिक्षा की भूमिका अहम हो जाती है। यह बात शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ महासम्मेलन में कही।




उन्होंने यह भी कहा कि, खेल हमें अनुशासन, एकाग्रता, टीम वर्क सीखाता है और जिस दिन पूरे देश के लोगों में टीम भावना आ जायेगी उस दिन भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासनकाल में खेल और शारीरिक शिक्षा के लिए काफी काम हुआ लेकिन कांग्रेस के समय खिलाड़ियों और शिक्षकों की उपेक्षा हुई। जिसका जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने दे दिया। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी राज्य की जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसपर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से ही खेल और शारीरिक शिक्षा को महत्व देती है। आने वाले शिक्षा सत्र से स्कूल में पहला पीरियड योग, व्यायाम, नैतिक शिक्षा का और प्रत्येक शनिवार लास्ट पीरियड खेल कूद का रहेगा। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि खिलाड़ी देश के एंबेसडर होते है, और उनको तैयार करने वाले शारीरिक शिक्षा के शिक्षक होते हैं और उनकी उचित मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, शारीरिक शिक्षा शिक्षक को वरिष्ठता के आधार पर वेतनमान तो मिलता है लेकिन पदनाम परिवर्तन नहीं होता। सरकार उनको वरिष्ठता के आधार पर पदनाम दिलाने और स्कूलों में शारीरिक शिक्षा को वैकल्पिक विषय के लिए नई शिक्षा नीति में प्रावधान लाएगी।

### महिलाओं ने मोबाइल स्क्रीन दिखाकर महतारी वंदन योजना की राशि की जानकारी दी

## महिलाओं के बीच पहुंचकर ली योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी

**रायपुर (ए.)।** महतारी वंदन योजना से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में महिलाओं में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सीधे महिलाओं ने इस बात की जानकारी दी। महिलाओं ने कहा कि उन्हें राशि मिलने से घर परिवार में भी खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानने राजधानी रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र दुर्गा नगर पहुंचे थे।



सीधे, सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी श्री साय से महिलाएं बड़ी प्रभावित हुई। उन्होंने मीरा साहू, पुष्पा ध्रुव, सावित्री दीप, स्वाती राव, संतोषी राव और जमुना सोनी सहित छत्तीसगढ़िया महिला मंडल, आदिवासी महिला मंडल एवम तेलुगू महिला मंडल सहित अन्य महिलाओं से बड़े ही आत्मीयता से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए गए महतारी वंदन योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से भेजी गई राशि की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि 1000 रूपए की राशि उनके खाते में पहुंच चुकी है। कई महिलाओं ने अपने मोबाइल स्क्रीन में आए मैसेज को मुख्यमंत्री को दिखाते हुए खुशी जाहिर की। श्री साय ने महिलाओं से चर्चा के दौरान उज्जवला गैस योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, पक्का घर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्ट्रीट वेंडर सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि उज्ज्वला गैस योजना से उन्हें खाना पकाने में काफी सुविधा मिल रही है। उन्हें समय पर गैस सिलेण्डर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महिलाओं से पूछा कि शासन की योजनाओं को मिलने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है, तो महिलाओं ने जवाब दिया कि योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए उनका आभार भी जताया। लाभार्थी संपर्क अभियान में मुख्यमंत्री से दुर्गा नगर और आसपास के क्षेत्र की लगभग 300 से अधिक महिलाओं से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद भूषण लाल जांगड़े, पूर्व विधायक राम जी भारती, संतोष जैन, ए. एल. जोशी, एस. के. सोनवानी, श्याम आरपी टंडन, शंकर सोनवानी, कुलदीप जांगड़े और विनोद भारती, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से किया वर्चुअल संवाद

**रायपुर (ए.)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के दशहरा मैदान मोहला में आयोजित विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री साय ने भारत नेट परियोजना के अंतर्गत जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत केकतीटोला, गौलीटोला एवं कुंजामटोला के सरपंचों एवं ग्रामीणों से इंटरनेट के माध्यम से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने सरपंच से गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पंचायत केकतीटोला के सरपंच से छत्तीसगढ़ी में संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले ग्राम पंचायत केकतीटोला के सरपंच गोविंद नुरेटी से छत्तीसगढ़ी में संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सरपंच से पूछा सब बने-बने। सरपंच ने उन्हें बताया कि सब बने-बने है। उन्होंने सरपंच से पूछा कि ग्राम पंचायतों में क्या-क्या सुविधा है। सरपंच ने बताया कि भारत नेट परियोजना के माध्यम से हर प्रकार की ऑनलाईन सुविधा मिल रही है। जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, मस्टर रोल सहित अन्य ऑनलाईन सुविधाएं ग्राम पंचायत को मिल रही है और अच्छा नेटवर्क रहता है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि सभी के एकाउंट में आ जाती है। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना और कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान सहायता राशि के मिलने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अपने कार्यकाल की जानकारी देते हुए बताया कि वे पहले 5 वर्ष तक पंच थे, उसके बाद सरपंच, विधायक, सांसद से आज मुख्यमंत्री का पद तक पहुंचे हैं।

उल्लेखनीय है कि आकांक्षी जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र को इंटरनेट से जोडने के लिए भारत नेट परियोजना के तहत जिले के 144 ग्राम पंचायतों में भारत नेट कनेक्टिविटी शुरू हो गई है। भारत नेट परियोजना ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है। यह ई-गवर्नेंस, ई-हेल्थकेयर, ई-कॉमर्स, ई-एजुकेशन और पब्लिक इंटरेस्ट एक्सेस सेवाओं को ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने के लिए किया गया है। ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना है। भारतनेट के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में इंटरनेट सेवाएं प्रदान की जा रही है ताकि प्रत्येक व्यक्ति, विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लोग ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकें।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# खत्म हुआ रूही की दूसरी शादी का किस्सा

## ये रिश्ता क्या कहलाता है में आया बड़ा ट्विस्ट

ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अरमान पौद्दार हाउस पहुंचेगा। दादी-सा, अरमान से मानव के बारे में पूछेंगी। अरमान, दादी-सा को बताएगा कि मानव बहुत अच्छा लड़का है। दादी-सा खुश हो जाएंगी। हालांकि, कुछ देर बात अरमान कहेगा, 'लेकिन रूही के लिए सही नहीं है।' दादी-सा हैरान रह जाएंगी। वह अरमान से सवाल पर सवाल करने लगेंगी। अरमान, दादी-सा को अपनी और अरमान के बीच हुई बातचीत के बारे में नहीं बताएगा। बस इतना कहेगा कि उसे रूही के लिए वह सही नहीं लगा।

### अरमान और मानव की बातचीत

अरमान इसके बाद मानव के साथ बिताए पलों को याद करने लगेगा और कहानी फ्लैशबैक में चली जाएगी। जब अरमान गोयनका हाउस पहुंचेगा तब वह बेहोश हो जाएगा। मानव, अरमान का पूरा ध्यान रखेगा। इतना ही नहीं, वह बड़े आराम से अरमान के सवालों के जवाब भी देगा। जब अरमान, मानव से पूछेगा कि क्या वह रूही को खुश रखेगा? तब मानव कहेगा, 'खुशी किसी के हाथ में नहीं होती है। कई बार सबकुछ होने के बाद भी लोग खुश नहीं होते हैं। मैं नहीं चाहता कि रूही हर पल मेरे साथ रहे। मैं चाहता हूं कि रूही की अपनी लाइफ हो।'



### दादी-सा का फैसला

अरमान का फैसला जानने के बाद दादी-सा बड़ा फैसला लेंगी। दादी-सा कहेंगी, 'ठीक है अरमान! अगर तुम और विद्या नहीं चाहते हो कि रूही की शादी हो। अगर तुम लोगों को लगता है कि रूही की खुशी इसी घर में रहने में है तो हम रूही की दूसरी शादी की बात नहीं करेंगे। लेकिन, तुम्हे इसकी खुशी की जिम्मेदारी लेगी होगी।' दादी-सा का फैसला सुनने के बाद रूही खुश हो जाएगी। वहीं विद्या पूरे घर में मिठाई बांटने लगेगी।

### रूही से साफ कहेगा अरमान

अरमान बाहर चला जाएगा और अकेले बैठकर रूही के बारे में सोचने लगेगा। रूही, अरमान के पास आएगी और कहेगी, 'सब चाहते थे कि मैं मानव से मिलूं, लेकिन तुमने मेरे बारे में सोचा। थैंक्यू सो मच अरमान।' अरमान कहेगा, 'मैंने वही कहा जो सच था। मानव अच्छा लड़का है, लेकिन वो तुम्हारे लिए अच्छा नहीं है। तुम ऐसे इंसान को डिजर्व करती है, जो सिर्फ तुम्हारे बारे में सोचे। मेरी लाइफ में मुझे नहीं लगता कि मेरी फैमिली से ज्यादा जरूरी कोई है या कोई होगा।' इतना कहने के बाद अरमान चला जाएगा। वहीं रूही अपने आपसे कहेगी, 'मुझे नहीं लगता। तुमने दादी-सा के खिलाफ जाकर मानव को रिजेक्ट किया। मेरे लिए सबको नाराज किया।'

### अभिरा और अरमान की लड़ाई

अरमान जैसे ही कमरे में पहुंचेगा अभिरा भड़क जाएगी। अभिरा, अरमान से सवाल करेगी। वह अरमान से पूछेगी कि उसने दादी-सा के केस से जुड़ा इतना बड़ा सबूत उससे क्यों छिपाया? अरमान समझ नहीं पाएगा। ऐसे में अभिरा, अरमान की फाइल से पेपर निकालेगी। अरमान भड़क जाएगा। वह अभिरा को चोर कहेगा। इतना ही नहीं उसे खरीखोटी भी सुनाएगा। ऐसे में अभिरा अपना सामान लेकर कमरे से बाहर चली जाएगी।

## ब्लैक आउटफिट में गिराई बिजली, यूजर्स हुए घायल



बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों में संदीपा को ब्लैक कलर की स्टाइलिश ड्रेस में देखा जा सकता है, जो उनके फिगर को काफी कॉम्पलिमेंट दे रही है। उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं। साथ ही, उन्होंने खूबसूरत गोल्डन इयररिंग्स भी पहने हुए हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए संदीपा ने लिखा, काले कपड़े पहने लाल झंडा। उनकी तस्वीरों को इतना प्यार मिल रहा है कि कैप्शन की जरूरत ही नहीं है। कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं। यूजर्स संदीपा के लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछ यूजर्स ने उन्हें ब्यूटीफुल, स्टनिंग और गॉर्जियस जैसे कमेंट्स किए हैं, तो वहीं कुछ ने उनके ड्रेस और मेकअप की भी तारीफ की है। साथ ही उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# पर्सनैलिटी में इन्हें करे शामिल

## हर कोई करेगा तारीफ

अगर आपकी भी शिकायत होती है कि लोग आपके मिलकर खुश या इंप्रेस नहीं होते हैं तो अपनी पर्सनैलिटी में इन पांच चीजों को जरूर शामिल कर लें। हर कोई आपको आसानी से याद रखेगा।

कुछ लोगों की शिकायत होती है कि उनकी पर्सनैलिटी अट्रैक्टिव नही है और लोग उन्हें देखकर ही दूर चले जाते हैं। यहां बात सुंदरता या कपड़े पहनने की नहीं हो रही। पर्सनैलिटी का मतलब आपके व्यक्तित्व से है। जैसे कि आपका बात करने का तरीका क्या है, आप किस तरह से व्यवहार दूसरों के साथ करते हैं। आपका यहीं तरीका लोगों के सामने इंप्रेसिव पर्सनैलिटी बनाता है और लोग आपके पास खिंचा चला जाता है। तो अगर आपको लगता है कि लोग आपसे इंप्रेस नहीं होते तो इन एक्सपर्ट के तरीकों को फॉलो करें।



### एक्टिव तरीके से सुनें

अक्सर लोगों की आदत होती है कि वो दूसरों की सुनने की बजाय खुद की कहने में ज्यादा यकीन करते हैं। लेकिन जब आप दूसरों की सुनते हैं तो वो आपकी पर्सनैलिटी में चार चांद लगाती है। धैर्य के साथ पहले दूसरों की बातों को सुने।

### पॉजिटिव एटीट्यूड

हमेशा पॉजिटिव एटीट्यूड अपनाएं। सामने वाले की इज्जत करना और किसी भी निगेटिव बात पर अपना आपा ना खोना ही आपकी पर्सनैलिटी को अट्रैक्टिव बनाता है और लोग ऐसे इंसान को हमेशा याद रखते है।

### आत्मविश्वास जरूरी है

जब भी किसी से मिले तो अपने कॉन्फिडेंस लेवल को नीचे ना आने दें। भले ही आपने कितने महंगे कपड़े पहने हों लेकिन अगर आप खुद पर विश्वास नहीं रखते हैं। तो ये महंगे कपड़े भी बेकार हो जाएंगे। इसलिए अपने कॉन्फिडेंस लेवल को हाई रखें।

### दूसरों को कॉपी ना करें

अगर आप चाहते हैं कि आपकी पर्सनैलिटी की लोग तारीफ करें तो दूसरों की नकल ना करें बल्कि जो आप हैं वहीं दूसरों के सामने भी रहें। नकल या फेक बनने की बजाय वो व्यवहार करें जो आपको पसंद है। अथेंटिसिटी पर्सनैलिटी में चार चांद लगा देगा।

### सहानुभूति रखें

दूसरों की केयर करना आपकी पर्सनैलिटी में शामिल होना चाहिए। इससे आपका इंप्रेशन अच्छा पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे कि ये आपका व्यवहार हो केवल किसी के सामने अच्छा बनने के लिए किया गया व्यवहार नहीं। अगर आप इन चीजों को अपनी पर्सनैलिटी का हिस्सा बनाएंगे तो लोग लंबे समय तक आपको याद रखेंगे।

# सफलता हासिल करने के लिए गांठ बांध लें

### कामयाब लोग इन 5 चीजों से रहते हैं दूर

सफल लोग कम उम्र में ही कुछ ऐसी बातें सीख लेते हैं, जो दूसरे लोग अपनी पूरी जिंदगी में नहीं सीख पाते हैं। अगर आप भी सफ्लता की सीढ़ी जल्दी चढ़ना चाहते हैं तो सबसे पहले सफ्ल लोगों से उन 5 बा

जीवन में सफलता हासिल करने का सपना हर व्यक्ति का होता है। लेकिन सफलता सिर्फ कुछ ही लोगों के हिस्से में आती है। कामयाब लोग सामान्य लोगों की तुलना में अपनी जिंदगी में काफी आगे रहते हैं। वे कम उम्र में ही कुछ ऐसी बातें सीख लेते हैं, जो दूसरे लोग अपनी पूरी जिंदगी में नहीं सीख पाते हैं। अगर आप भी सफ्लता की सीढ़ी जल्दी चढ़ना चाहते हैं तो सबसे पहले सफल लोगों से उन 5 बातों के बारे में जानें, जिन्हें वो अक्सर करने से बचते हैं।

### शिकायत करने से बचें-

सफल लोगों की पहली आदत होती है कि वह शिकायत करने से बचते हैं। उनका मानना रहता है कि शिकायत करने से चीजें ठीक नहीं होती हैं। अपनी परेशानियों से निकलने के लिए व्यक्ति को समाधान खोजने और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होती है।



### दूसरों को दोषी ठहराना बंद करें

सफल लोग अपनी असफलताओं के लिए दूसरों को दोष देने की जगह उसकी जम्मेदारी खुद लेते हैं। जिस तरह आप तब भी सीखते और पढ़ते हैं, जब आपके लिए चीजें कठिन होती हैं।

### शांत रहें

ज्यादातर सफ्ल लोग शांत रहना पसंद करते हैं। ऐसे लोग किसी तरह की बहस में नहीं पड़ना चाहते हैं। सफ्ल लोग मानते हैं कि तर्क-वितर्क से शायद ही कभी कोई अच्छी बात सामने निकलकर आती है। ऐसे लोग शांत रहकर परेशानी का हल खोजने की कोशिश करते रहते हैं।

### डींगे मारना छोड़ें

सफल लोग विनम्र रहने के साथ कभी भी डींगे मारना पसंद नहीं करते हैं। ऐसे लोग दिखावा करने से बचते हैं। कामयाब लोगों के कार्य ही इनकी प्रशंसा करते हैं और विनम्र रहने से इन्हें सम्मान मिलता है।

### सुनना सीखें

सफल लोग हमेशा बोलने से ज्यादा सुनने में विश्वास रखते हैं। अपने विचार दूसरों के साथ शेयर करने से पहले वो दूसरों की बात को अच्छी तरह सुनकर निष्कर्ष निकाल लेते हैं। उस निष्कर्ष के अधार पर ही वो दूसरों के पास कुछ बोलना पसंद करते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर 'ड्यून 2' ने जमाई जड़े

ड्यून साल 2021 में रिलीज हुई थी। वहीं, अब 2024 में इसका दूसरा पार्ट रिलीज हुआ है। इस साई- फाई फिल्म ने आते ही दुनियाभर में तहलका मचा दिया है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर ड्यून पार्ट 2 हर दिन गदर मचा रही है। फिल्म का बिजनेस बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ रहा है। अमेरिका में ड्यून पार्ट 2 पहले ही अपने पिछली फिल्म ड्यून 1 को कमाई के मामले में पीछे छोड़ चुकी है। अब फिल्म एक नए माइल स्टोन की तरफ दौड़ रही है। 100, 200, 300 और 500 करोड़ क्लब से परे ड्यून पार्ट 2 हजार करोड़ में बिजनेस कर रही है। कॉमस्कोर की हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ड्यून पार्ट 2 ने रिलीज के 13 दिनों में दुनियाभर में 31 सौ करोड़ (31,57,43,33,000) से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है। वहीं, अमेरिका की बात करें, तो यहां ड्यून पार्ट 2 अब तक 205 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।

# नींबू के छिलके भी बढ़ा सकते हैं खाने का टेस्ट

नींबू के छिलके सेहत और खूबसूरती को दुरुस्त बनाए रखने में मदद करते हैं। लेकिन आज बात करेंगे कि कैसे नींबू के छिलकों का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए कैसे करें।

घरों में अक्सर महिलाएं नींबू का रस निकालने के बाद उसके छिलके कूड़े में फेंक देती हैं। अगर अब तक आप भी ऐसा करती रही हैं तो ये खबर खास आपके लिए है। जी हां, विटामिन सी से भरपूर नींबू सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसके नियमित सेवन से वेट लॉस, पाचन संबंधी दिक्कतें, सफर के दौरान उल्टी की समस्या दूर होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं नींबू की ही तरह इसके छिलके भी गुणों का खजाना होते हैं। नींबू के छिलकों में विटामिन, पोटेशियम, कैल्शियम और फाइबर जैसे अनेक पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो सेहत और खूबसूरती को दुरुस्त बनाए रखने में मदद करते हैं। लेकिन आज बात करेंगे कि कैसे नींबू के छिलकों का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए कैसे किया जा सकता है। आइए जानते हैं कैसे कुछ आसान टिप्स फॉलो करके नींबू के छिलकों से बढ़ा सकते हैं खाने का स्वाद।



### छिलकों से बनाएं चाय

आप अपने दिन की शुरुआत अच्छी करने के लिए सुबह नींबू की चाय पी सकते हैं। इसके लिए नींबू का रस निकालने के बाद नींबू के छिलके को फेंकने की जगह चाय बनाने के लिए इस्तेमाल करें। नींबू के छिलकों से चाय बनाने के लिए सबसे पहले पानी में नींबू के छिलके उबालें। स्वाद अनुसार उसमें चीनी की जगह थोड़ा शहद और चायपत्ती डालकर उबाल लें। आपकी नींबू की चाय बनकर तैयार है। आप इसे छानकर पी लें।

### नींबू के छिलके का पाउडर

नींबू के छिलकों का पाउडर बनाने के लिए उन्हें धूप में अच्छी तरह सुखाने के बाद पीसकर पाउडर तैयार कर लें। अब इस पाउडर को आप अपनी कई डिशेज को टेस्टी बनाने के लिए यूज कर सकते हैं।

### नींबू के छिलके का तेल

सलाद की ड्रेसिंग करने के लिए भी आप नींबू के छिलकों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए नींबू के छिलके एक बर्तन में डालकर इसमें कुकिंग ऑयल मिलाएं। बस तैयार हैं आपका लेमन ड्रेसिंग ऑयल। आप चाहे तो इस तेल को कुकिंग में भी यूज कर सकती हैं।

### लेमन शुगर

नींबू के छिलकों से आप बड़ी आसानी से घर पर ही लेमन शुगर तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप नींबू के छिलकों के पाउडर को चीनी में मिला दें। अब इस मिश्रण को एक जार में स्टोर करके रख लें। आप इस लेमन शुगर को खाने का फ्लेवर बढ़ाने या फिर ब्यूटी को निखारने के लिए भी कर सकती हैं।

### नींबू के छिलकों का अचार

नींबू का रस निकालने के बाद अक्सर फेंक दिए जाने वाले नींबू के छिलकों से टेस्टी अचार भी तैयार किया जा सकता है। ये अचार खाने में इतना टेस्टी होता है कि आपने एक बार खा लिया तो आप इसका टेस्ट नहीं भूल पाएंगे और कभी भी नींबू के छिलके नहीं फेंकेंगे।

# फिल्म बस्तर

## आज से सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

# की एडवांस बुकिंग शुरू



बीते साल 2023 में अदा शर्मा ने फिल्म द केरल स्टोरी की जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की इस मूवी ने कामयाबी का परचम लहराते हुए बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर के दिखाया है।

अब फिल्म बस्तर-द नक्सल स्टोरी के जरिए अदा, सुदीप्तो और विपुल की तिकड़ी एक बार फिर से वापसी करने के लिए तैयार है। मेकर्स की तरफ से अब इस मूवी की टिकटों की एडवांस बुकिंग भी ओपन कर दी गई है, जिसके जरिए आप रिलीज से पहले इस मूवी की टिकटों को आसानी से बुक कर सकते हैं। अदा शर्मा स्टारर बस्तर-द नक्सल स्टोरी को लेकर इस समय में फैंस का जबरदस्त हाइप बना हुआ है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। हर कोई इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।


मेकर्स की तरफ से सोशल मीडिया पर फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर लेटेस्ट अपडेट दिया गया। इस पोस्ट में बताया गया है कि रिलीज से दो दिन पहले बस्तर-द नक्सल स्टोरी की एडवांस बुकिंग की विंडो को ओपन कर दिया गया है और अगर आप भी इस मूवी को देखने के लिए बेताब हैं तो ऑनलाइन जाकर पहले से ही टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं। मालूम हो कि जिस तरह से अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है, उसके आधार पर बस्तर से काफी उम्मीदें की जा रही हैं। हालांकि ये फिल्म कैसा प्रदर्शन करेगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बस्तर-द नक्सल स्टोरी की रिलीज में अब महज दो दिन का वक्त शेष रह गया है।

### शैतान के आगे इतनी जल्दी हार नहीं मानेंगे शाहिद कपूर

इस साल की सबसे बड़ी रिलीज फिल्मों में से एक थी। शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर ये फिल्म प्यार के महीने फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। मूवी के जरिए निर्देशक ने एक यूनिक लव स्टोरी दर्शकों के सामने परोसने की कोशिश की थी। सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका। हालांकि, अब फिल्म का कलेक्शन काफी कम हो गया है, लेकिन सिनेमाघरों में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अपनी पकड़ नहीं छोड़ी है। शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' अजय देवगन की फिल्म शैतान की धुंआधर कमाई के आगे अपना दम नहीं तोड़ा है। गिरते-पड़ते इस रॉम-कॉम फिल्म ने खुद को बॉक्स ऑफिस पर संभाला हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 34 दिनों में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर टोटल 84.15 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने बुधवार को 34वें दिन इंडिया में महज 2 लाख रुपए का बिजनेस किया है। हालांकि, इंडिया के ग्रॉस मार्केट की बात की जाए तो शाहिद कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म पहले ही 100 करोड़ कमा चुकी है।

# क्रू का धमाकेदार गाना घाघरा हुआ रिलीज

## करीना-तब्बू-कृति ने डांस मूव्स से मचाया तहलका



बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म क्रू में करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू को एक साथ पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों बेहद एक्साइटेड हैं। वहीं फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का नया गाना घाघरा रिलीज कर दिया है।

इस धमाकेदार गाने में तीनों हसीनाएं अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है। गाने में तीनों एक्ट्रेसेस क्लब में जमकर पार्टी करती दिखाई दे रही हैं। ऐसा लग रहा है कि ये गाना इस साल का हिट पार्टी सॉन्ग साबित होने वाला है। हाल ही में फिल्म क्रू का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले हैं। बता दें कि फिल्म में आपको तीन एयर होस्टेसेज की कहानी देखने को मिलेगी जो अपनी जिंदगी से काफी परेशान है। ये तीनों अपनी लाइफ में कुछ नया और अलग करना चाहती हैं लेकिन वह बार बार उसी सिचुएशन में आ जाती हैं जिससे वह भाग रही हैं।

क्रू एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें करीना, तब्बू और कृति अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाती नजर आएंगी। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म में वह इन तीनों एक्ट्रेसेस के साथ धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म को अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर और एकता कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### आचार संहिता लागू होते ही करें संपत्ति विरूपण हटाने की कार्रवाईः आयुक्त




**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त एवं नोडल अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर शहरी क्षेत्र में चल रही तैयारियों की समीक्षा की। श्री मिश्रा ने नगर निगम के सभी जोन कमिश्नरों और अन्य संबंधित सहायक नोडल अधिकारियों के साथ सभाकक्ष में बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसके बाद यह सुनिश्चित किया जावे कि जिले में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। मिश्रा ने मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों से लेकर इंडोर स्टेडियम, शुभाष स्टेडियम, सामुदायिक भवनों, टाउन हॉल, ऑडिटोरियम, स्वीमिंग पुल, लाइब्रेरी जैसी शासकीय परिसरों से भी सभी प्रकार की संपत्ति विरूपित करने वाले साधनों को समय-सीमा में हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने कहा कि यदि कोई संपत्ति विरूपित करता है तो तत्काल निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व विरूपण हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों को चेताया भी कि यदि आपके अधीनस्थ कोई संपत्ति विरूपित पाई जाती है और आपके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो संबंधित अधिकारी विरूद्ध भी कार्यवाही की जा सकेगी। बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए चिन्हांकित मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण करके भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी श्री मिश्रा ने अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का अवलोकन करके उन केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर, मोबाइल नेटवर्किंग, दिव्यांगजनों के लिए रैंप आदि सारी बुनियादी सुविधाएं शत प्रतिशत सुनिश्चित करा लें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया कराने के लिए इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### नहीं चलेगी निर्वाचन कार्यों में लापरवाही, सभी तैयारियां समय पर करें पूरी : कलेक्टर डॉ. सिंह

**रायपुर।** रायपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के जरूरी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जिले के अधिकारियों की बैठक में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और सभी तैयारियां समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान सभी अधिकारी सौपे गए दायित्वों का पारदर्शिता से निर्वहन करें। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बन्दे सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण वापसी केन्द्रों में मतदान कर्मियों के लिए पेयजल एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन केन्द्रों पर बिजली की व्यवस्था, आपात स्थिति के लिए जनरेटर, फायर ब्रिगेड वाहन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे छाया, रैम्प, पीने का पानी, शौचालय आदि मतदान दिवस के पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत 24 घंटे के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. सिंह ने मतदान केन्द्रों में वेबकॉस्टिंग, कम्युनिकेशन प्लॉन भी तैयार रखने को कहा। उन्होंने मतदान संबंधी समस्त गतिविधियां की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दलों के विभिन्न अधिकारियों की प्रशिक्षण व्यवस्था भी समय पर सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही निर्वाचन संबंधी विभिन्न समितियों और एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी आदि दलों का गठन करने के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने मतदान हेतु आवश्यक ईवीएम और वीवी पेड मशीनों की संख्या का आंकलन कर पर्याप्त संख्या में मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मशीनों के रेंडमाइजेशन, कमिश्निंग, सिलिंग आदि का प्रशिक्षण देने और मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए।

# मंत्री जायसवाल ने एसीआई के कैथलैब में स्थापित रेडिएशन प्रोटेक्शन डिवाईस का किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कॉर्डियक इंस्टीट्यूट के कॉर्डियोलॉजी विभाग के अत्याधुनिक कैथलैब में स्थापित रेडिएशन प्रोटेक्शन डिवाईस एगनेस्ट का उद्घाटन गुरुवार को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा किया गया।



एचडीएफसी बैंक के सीएसआर गतिविधि परिवर्तन के अंतर्गत प्रदत्त यह रेडिएशन प्रोटेक्शन डिवाईस कैथलैब में कार्यरत डॉक्टर, नर्सिंग व पैरामेडिकल टीम की हानिकारक विकिरणों से रक्षा करेगा। उद्घाटन के अवसर पर संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त, अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. तृप्ति नागरिया, अधीक्षक डॉ. एस.बी.एस. नेताम, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव, मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. एम.के. साहू, सहायक अधीक्षक डॉ. डी.के. टंडन, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती रंजना ध्रुव, सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू समेत एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष कॉर्डियोलॉजी विभाग डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने रेडिएशन प्रोटेक्शन डिवाईस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एचडीएफसी बैंक के सीएसआर प्रभाग अरोह (एआरओएच) फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त यह प्रोटेक्शन सिस्टम कैथलैब में रेडिएशन के फैलाव एवं बिखराव को रोकता है। यह आधुनिक कैथलैब की एक अतिआवश्यक सुरक्षा कवच में से एक है। कैथलैब में प्रतिदिन कार्डियक इंटरवेंशनल प्रक्रिया एक्स रे मशीन की सहायता से की जाती है (एक्स रे गाइडेड प्रोसीजर)। पूरी टीम लम्बे समय तक यहां रहती है। ऐसे में पूरी टीम विकिरण के संपर्क में आती है। एगनेस्ट एक व्यापक, स्कैटर रेडिएशन (फैलने वाले विकिरण) सुरक्षा प्रणाली है जो पूरी तरह से आधुनिक कैथ लैब में रेडिएशन के फैलाव एवं बिखराव को रोकने में मदद करती है। इसे सीआर्म एक्स रे मशीन की गति एवं दिशा के अनुसार इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह रोगी की दिशा के अनुसार सरलता से इधर उधर घूम सकता है। यह 91 प्रतिशत रेडिएशन से सुरक्षा देता है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट ने बहुत ही कम समय में एक नया आयाम स्थापित किया है। डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने जिस जुनून के साथ एक लक्ष्य निर्धारित किया है उस लक्ष्य को पूरा करने में मैं उनके साथ हूं। आप सभी को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि भविष्य में चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर एवं अस्पताल के साथ-साथ एसीआई को विश्वस्तरीय संस्थान बनाने के लिए जो भी आवश्यक इंफ्रास्ट्रॅक्चर एवं मानव संसाधन की ज़रूरत होगी, उसे शासन उपलब्ध करायेगी।

उद्घाटन के अवसर पर टेलीमेडिसिन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉ. विष्णु दत्त, डॉ. विवेक चौधरी, सुबीर बेनर्जी, उदयन पेंडसे, डॉ. तृप्ति नागरिया, डॉ. एस. बी.एस. नेताम, डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. पी. जैन शाह, डॉ. जया लालवानी, डॉ. ए.नेरल, डॉ. विजय कापसे, डॉ. एम. के. साहू, डॉ. डी. पी. लकड़ा, डॉ. कृष्णकांत साहू और डॉ. तान्या छौड़ा को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मेडिकल टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने अपनी विभिन्न माँगो से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर एच डी एफ सी बैंक की परियोजना परिवर्तन से रीजनल हेड इक़बाल सिंह गुलियानी, सर्कल हेड सुबीर बनर्जी, क्लस्टर हेड उदयन पेंडसे, ब्रांच मैनेजर आतिफ़ सिद्दीक़ी, एरिया हेड गवर्नमेंट बिज़नेस डी. प्रताप वर्मा, सी एस आर हेड प्रशांत बरमन, अरोह फाउंडेशन से सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर हेमंत सिंह तँवर, दीपक सक्सेना एवं कृष्णा तिलकवार उपस्थित रहे।

दिव्यांगों के सपनों को मिली नई उड़ान

## विजय शर्मा के प्रयासों से मोटर चलित स्कूटी पाकर दिव्यांगजन हुए खुश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** जब इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है। आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं भी दिव्यांगजनों की सपनों की उड़ान में मददगार साबित हो रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के आठ दिव्यांगजनों को विधायक निधि से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल देकर उनकी जिन्दगी में फिर से खुशियां लौटा दी है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने दिव्यांगजनों से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल भेंट करते हुए कहा कि उनकी सहायता करने से मुझे सुखद अनुभूति मिल रही है। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल से दिव्यांगजनों की राह अब सामान्य व्यक्ति की तरह आसान हो जाएगी। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल पाकर दिव्यांगजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सपनों को नई उड़ान मिली है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना करते हुए इस उपहार के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी आभार जताया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समझाइश दी कि सभी दिव्यांग भाई सड़क सुरक्षा नियमों का पालना सुनिश्चित करें और स्कूटी चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट लगाएं। उन्होंने दिव्यांगों का हौसला बढाते हुए कहा कि दिव्यांग अपनी क्षमताओं को पहचानें और उसके अनुरूप एक लक्ष्य बनाकर मेहनत करें। उन्होंने इस मौके पर शासकीय दृष्टि एवं बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी के कक्षा पहली में अध्यनरत हंसराज साहू और पोषण साहू को ब्रेल लिपि किट और सुशीला को श्रवणयंत्र भी प्रदान किया।

## सामूहिक कन्या विवाह : 260 जोड़े हुए लाभान्वित, प्रोत्साहन राशि व कई सामान दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। बार-बार बनते बिगड़ते कार्यक्रम के बीच आज जिले के पसान में सामूहिक कन्या विवाह संपन्न हो रहा है। 260 जोड़े इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। आईसीडीएस के अलावा कई विभागों की भूमिका सहयोगी की है। लाभान्वित जोड़ों को प्रोत्साहन राशि के अलावा गृहस्थी का सामान सरकार की ओर से दिया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से बीते वर्षों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लांच की गई, जो लगातार जारी है। फाल्गुन शुक्ल पंचमी को कोरबा जिले में यह कार्यक्रम करना तय किया गया। पहले इसके लिए 9 मार्च की तिथि तय की गई थी जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आना था। अपरिहार्य कारणों से यह कार्यक्रम निरस्त हो गया। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बीच अंतिम रूप से 14 मार्च की तिथि तय की गई और व्यवस्थाएं करने के साथ पसान में 260 जोड़ों का विवाह संपन्न करना सुनिश्चित हुआ। इनमें अधिकांश हिंदू समाज के जोड़े हैं। इसके अलावा मुस्लिम और ईसाई जोड़ों ने भी विवाह के लिए पंजीकरण कराया है। आईसीडीएस के लगभग सभी सेक्टर से यहां पर भागीदारी हुई है। पंजीकृत जोड़ों और उनके परिजनों को लाने की जिम्मेदारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता और सहायिका को दी गई। कन्या विवाह कार्यक्रम में राज्य के श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत और राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के अलावा अधिकारी व गणमान्यजन की उपस्थिति है। आईसीडीएस के अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर विभिन्न विभागों की ओर से यहां पर सहयोग किया गया है। विवाह को लेकर सरकार ने जो गाइड लाइन तय की है उसके अंतर्गत सभी लाभान्वित जोड़ों को धनराशि का चेक और अन्य सामाग्री मौके पर दी जाएगी। बताया गया कि इससे पहले यह कार्यक्रम 9 मार्च को संपन्न हो जाना था लेकिन इसे टाल दिया गया। लगातार इसके लिए कोशिश जारी रखी गई। अब जबकि लोकसभा चुनाव की घोषणा का अंदेशा था और खरमास के प्रभावी होने का समय भी नजदीक था। ऐसे में सरकार का परेशान होना स्वाभाविक हो गया। माना जा रहा है कि इन दोनों कारणों से आनन-फानन में नई तारीख तय की गई और इस कार्य को संपन्न कराना जरूरी समझा गया। मार्च के पहले पखवाड़े में ही गर्मी का तापमान 37 डिग्री के आसपास पहुंच जाने से हर कहीं समस्याएं हो रही है।

पसान में सामूहिक विवाह के लिए तैयार किये गए विशाल पंडाल में कन्या और वर के साथ उनके परिजन व शुभचिंतक गर्मी के चक्कर में परेशान हुए। शिकायत थी कि आयोजकों ने टेंट का ठेका लेने वाले को उचित मात्रा में पंखे लगाने का जिम्मा नहीं दिया। इस फेर में हर कोई गर्मी के मारे परेशान होता रहा।

## अग्निवीर के प्रति समाज में होगा सम्मान, कार्यकाल पूरा करने के बाद उनके पास अनुभव और हुनर की होगी पूंजीः उपमुख्यमंत्री

**भारत माता की जयकारे से गूंज उठा पूरा हॉल, देश भक्ति कि प्रति अग्निवीरों में दिखा जज्बा**

- प्रदेश के अग्निवीर में चयनित युवाओं का किया गया सम्मान
- रोजगार पंजीयन के लिए एप का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर ।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ के चयनित अग्निवीरों का शहीद स्मारक भवन में सम्मान किया। अग्निवीर थलसेना के लिए वर्ष 2023 के 870 और वर्ष-2022 में 434 अग्निवीरों का चयन हुआ है। शहीद स्मारक भवन में आज आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस अवसर पर रोजगार एप का भी लोकार्पण किया गया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अग्निवीरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे गर्व है 11 हजार 500 ने पंजीयन कराया और उन्होने कड़ी मेहनत और लगन चयन परीक्षा दी फलस्वरूप थलसेना में 876 युवाओं का चयन हुआ। इस बार 13 हजार से अधिक ने पंजीचन कराया और विश्वास है कि हम रिकार्ड सेलेक्सन लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार अग्निवीर चयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएं गए है, इसका बेहतर परिणाम मिला है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को बधाई दी। श्री शर्मा ने कहा कि अग्निवीर के चयनित युवा देश-सेवा को लक्ष्य बनाकर आगे आए हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों में 25 प्रतिशत को सेना में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ बाकि जब अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद श्रेष्ठ नागरिक बनकर लौटेंगे। समाज में उनका सम्मान होगा। जिनके पास कठिन परिश्रम एवं अनुशासित जीवनशैली की सीख रहेगी। उनके हाथों में हुनर भी रहेगा। साथ ही देश के प्रति उन्होंने जो अपना समय समर्पित किया है उसका अभिमान भी मन में रहेगा।

जिससे वे अच्छे अधिकारी बनेगें, अच्छे जनप्रतिनिधि बनेंगे, जीवन की नई शुरूआत करेंगे। उनका जीवन अलग और अनुशासित रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो समाज और अपने जैसे अन्य युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे। उन्होंने चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लक्ष्यों को केन्द्रित करके सहज और निश्चिंतता के साथ कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। इस कार्यक्रम उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और कवर्धा से बैगा समाज के प्रतिनिधि बुध सिंह, मोती बैगा एवं कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन और संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार डॉ प्रियंका शुक्ला उपस्थित थे।

### बेरोजगार युवा मोबाईल एप से कर सकेंगे रोजगार पंजीयन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम में रोजगार पंजीयन के लिए मोबाईल एप और ई-रोजगार पोर्टल का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने कहा कि इस एप के सहयोग से मोबाईल से ही जिसमे घर बैठे कहीं से भी आवेदक को रोजगार सहायता हेतु पंजीयन एवं नवीनीकरण की सुविधा प्राप्त होगी। वे अपने सारे डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकेंगे। साथ ही रोजगार की सूचना भी मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस एप में आवेदक को नवीनीकरण की सुविधा प्राप्त होगी और अभिलेखों के सत्यापन आधार ओटीपी के माध्यम से होगा। साथ ही इसके लिए कार्यालय में उपस्थिति देने की आवश्यकता नही होगी। एस.एम.एस. के माध्यम से पंजीयन नंबर एवं पोर्टल पर लॉग-इन हेतु आई.डी. एवं पासवर्ड प्राप्त होंगे।

## दृष्टिबाधित अजय को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने दिलाया लैप टॉप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आप अगर वैश्वीकरण के साथ कदमताल करते हुए आगे चलना चाहते हैं तो यह तकनीक का इस्तेमाल से ही संभव कर सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हो या व्यवसाय के क्षेत्र में आज तकनीकी ज्ञान का होना बेहद आवश्यक है। तकनीकी ज्ञान ने हमारे जीवन को सरल भी किया है तो वही इसका सही उपयोग कर अपने दैनिक जीवन की बाधाओं को दूर भी करने में सहायक सिद्ध हुआ है। आज हम बात कर रहे हैं रायपुर ज़िला अंतर्गत ग्राम बनरसी (माना) के रहने वाले अजय ओगरे की। अजय ओगरे आंशिक रूप से नेत्रहीन हैं जिसने कलेक्टर डॉ गौरव सिंह से पढ़ाई के लिए मोबाइल दिलाने का आग्रह किया था कलेक्टर ने अजय को विगत दिनों ही मोबाईल फोन उपलब्ध करा दिया। लेकिन अजय को अपने महाविद्यालयीन अध्ययन के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु लैपटॉप की आवश्यकता थी इसलिए अजय ने लैपटॉप की माँग रखी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शिक्षा के लिए बेहद संजीदगी से मदद करने के लिए तत्परता दिखाई और समाज कल्याण विभाग से अजय को लैपटॉप उपलब्ध करायी गई। बता दें कि अजय की आंखों में केवल बीस प्रतिशत विजिबिलिटी है पर इस कमी को उसने अपनी पढ़ाई में कभी बाधा नहीं बनने दिया। अजय आगरे बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### कार से बरामद हुए 18 लाख 62 हजार रूपये नगद

**रायपुर ( ए. )।** जिले की मंदिर हसौद थाना पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने थाना क्षेत्रांतर्गत टोल नाके के पास से वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 18 लाख रूपये से ज्यादा नगदी रकम बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान चारपहिया वाहन क्रमांक ओडी/15/यू/9001 को चेक करने पर बैग में लाखों रूपये नगदी रकम रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वाहन में सवार व्यक्ति से लाखों रूपये नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम ने उक्त वाहन चालक के पास रखें 18,62,200 रूपये नगदी रकम को धारा 102 जा.फौ. के तहत थाना मंदिर हसौद में जप्त किया है।

### 8 लाख का ईनामी नक्सली पकड़ाया

**बीजापुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस 8 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मद्देड दलम सुधाकर उर्फ उण्डम को गिरफ्तार किया है। यह नक्सली थाना तरलागुडा पर हमला करने के साथ-साथ हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, आगजनी, बलवा जैसे कई घटनाओं मे शामिल था।

मिली जानकारी के अनुसार, जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत छ्रक्रत्र और कोबरा 210 और थाना बासागुड़ा की संयुक्त टीम इलाके में गश्त के लिए निकली थी। तभी अचानक सर्चिंग पार्टी को यहां इसके होने की सूचना मिली। जिसके बाद घेराबंदी कर इसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध कई थानों में 108 वारंट लंबित है और वह कई बड़ी वारदातों में भी शामिल रहा है।

### सड़क हादसा: एक्सीडेंट में तीन पश्चिम बंगाल के मजदूरों की मौत

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हुए सड़क हादसे में तीन युवकों ने अपनी जान गवां दी है। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। यह तीनों युवक पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जो कि छत्तीसगढ़ के धमतरी में मजदूरी करने का काम करते थे।

धमतरी जिले के पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सिहावा थाना क्षेत्र अंतर्गत सांकरा गांव में बुधवार की शाम एक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतक युवकों का नाम शरीफुल हक जिसकी उम्र 21 साल, अब्दुल रहीम जिसकी उम्र 42 साल और कमालीन जमाल जिसकी उम्र 26 साल बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह तीनों युवक पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के निवासी थे। घटना की जानकारी को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि तीनों युवक पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। मजदूरी करने के उद्देश्य से यह तीनों छत्तीसगढ़ के धमतरी पहुंचे हुए थे। भोथली बोडरा में रहकर हाई टेंशन तार लगाने का यह तीनों काम पिछले कुछ मन से कर रहे थे। बताया जा रहा है कि शाम को दो पहिया वाहन से यह तीनों गांव से सिहावा सांकरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और उनकी जान चली गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**अंबिकापुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में मंगलवार देर रात एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि युवक घोषित बदमाश था और पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। घर लौटने के बाद उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस फिंगर प्रिंट के नाम उसे थाने ले गई थी। जहां उसे प्रताड़ित किया और धमकी देकर रुपयों की मांग करी। इस वजह से उसने यह कदम उठाया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस बदमाशों का फिंगर प्रिंट ले रही है।

---

फेरी वाले, किराएदारों के कागजातों के आधार पर उनके बारे में जानकारी ली जा रही

# कोरबा पुलिस कर रही बाहर से आकर रहने वालों की सघन जांच






**रायपुर ( ए. )।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशनएवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी क्षेत्र अंतर्गत होटल, लॉज, फेरी करने वाले, किराएदारों और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया।

पुलिस टीम के द्वारा होटल, लॉज संचालकों को स्पष्ट हिदायत दिया गया है कि होटल, लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विधिवत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सडक किनारे जडी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उनकी मुसाफिरी दर्ज करायी गई। कोरबा पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए 1990 लोगों को चेक किया गया, 597 किरायेदारों को तस्दीक़ किया गया, संदिग्ध अजनबी (एस एस रोल) के तहत 2026 लोगों को चेक किया गया एवं कदाचारी (बी सी रोल) के तहत 39 लोगों को चेक किया गया है। 2026 व्यक्तियों में से 164 उत्तर प्रदेश, 216 बिहार झारखंड, 94 महाराष्ट्र, 89 राजस्थान, 85 हरियाणा, 142 उड़ीसा जैसे राज्यो को एवं 1236 अन्य दीगर जिलों को जारी किया गया है एवं उनके राज्य के नजदीकी थाने में संपर्क करके उनके बारे में जानकारी लिया गया।

थाना प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर विधिवत जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। बाहरी व्यक्तियों को किराए पर रखने वाले मकान मालिकों एवं किराएदारों का सत्यापन किया गया और किराएदारों की सूची तैयार की गई। सत्यापन कार्य में लगे पुलिस के द्वारा किराएदारों के आईडी लेकर चेक किये और उनके काम काज की जानकारी लिया गया तथा उन्हें अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दिये।

पुलिस की टीम के द्वारा मकान मालिक की व्यक्तिगत जवाबदारी है कि वह थाने में किराएदार की सूचना दें। मकान मालिकों को हिदायत दिया गया कि मकान किराये पर देने से पूर्व अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराये अगर कोई मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। कोरबा पुलिस की अपील है कि सभी अपने किराएदार और नौकरों का संबंधित थाने में जाकर अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन अवश्य करावें।

थाने में पुलिस टीम के द्वारा पार्षदों एवं ठेकेदारों की मीटिंग लिया गया जिसमें पार्षदों को बताया गया कि आपके क्षेत्र में मकान मालिक के घर पर किराएदार रखना पर उसका सत्यापन आवश्यक रूप से करवा ले एवं संदिग्ध लोग दिखे तो उसके बारे में पुलिस टीम को सूचित किया जाए, मीटिंग में ठेकेदारों को बताया गया कि मजदूरों को काम पर रखने से पहले उनकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

---

# मुंबई से आया प्रेमी, हत्या कर भागा यूपी

पुलिसकर्मी की पत्नी के मर्डर का खुला राज, सोशल मीडिया पर बनाया बॉयफ्रेंड और वही निकला कातिल





रायपुर (ए.)। राजधानी रायपुर में 9 दिन पहले पुलिसकर्मी की पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला का बॉयफ्रेंड ही निकला। मूलत: यूपी के भदोही गांव का रहने वाला है और पुलिस उसे वहीं से गिरफ्तार कर लेकर पहुंची। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए हत्या की वजह भी बताई। यह पूरा मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है।

बता दें विधानसभा थाना पुलिस को 5 मार्च की देर रात सूचना मिली कि आमासिवनी इलाके के पुलिस कॉलोनी में पुलिस कर्मी की पत्नी की हत्या हो गई है। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। दरअसल मृतका के पति ने उसे फोन किया तो उसने रिसीव नहीं किया तो उसने पड़ोसियों को कॉल कर देखने कहा था। पड़ोसियों ने देखा तो खून से लथपथ लाश पड़ी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। मृतिका जॉली सिंह का पति शिशुपाल सिंह सुकमा पुलिस में पदस्थ है। वह डॉग हैंडलर का काम करता है। घटना की सूचना के बाद मृतिका का पति रायपुर पहुंचा। इसके अलावा परिवार वाले भी यूपी से रायपुर पहुंचे थे।

पुलिस क्वार्टर में पुलिस कर्मी की पत्नी की हत्या पुलिस के लिए बड़ा सवाल था और एसपी के निर्देश पर आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने जब घटना स्थल की जांच की तो मौके पर मुंबई से रायपुर की फ्लाइट टिकट मिली। इसके अलावा पुलिस के पास कोई सुराग नहीं था। फ्लाइट टिकट के जरिए पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे में एक डिलीवरी बॉय को संदिग्ध पाया और उसकी तलाश शुरू की। लगभग 9 दिन की मेहनत के बाद पुलिस का सफलता मिली और आरोपी को यूपी के भदोही गांव से गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया।

### 4 साल पहले हुई थी जान पहचान

पुलिस ने इस मामले में जय सिंह उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया। दरअसल राहुल यूपी के भदोही का रहने वाला है और मुंबई कि किसी कंपनी में इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। मृतका मृतका जॉली सिंह से उसकी 4 साल पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म टिकटॉक के जरिए हुई थी। दोनों साथ में मिलकर रील्स बनाया करते थे। यहीं से दोनों की नजदीकियां बढ़ी। जॉली अपने पुलिसकर्मी पति से अलग आमासिवनी के पुलिस क्वार्टर में रहती थी। वहीं आरोपी जयसिंह भी शादी शुदा है। जॉली से मिलने वह रायपुर अक्सर डिलीवरी बॉय के गेटअप में ही आता था।

### हत्या के दिन फ्लाइट से पहुंचा था रायपुर

पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल हत्या वाले दिन फ्लाइट से रायपुर पहुंचा। डिलीवरी बॉय बनकर पुलिस क्वार्टर जॉली सिंह से मिलने पहुंचा। जॉली सिंह सिंह अपने प्रेमी जय सिंह से शादी करना चाहती थी। वहीं जय सिंह पहले से शादीशुदा होने के कारण इसके लिए तैयार नहीं था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो जय सिंह ने जॉली को धक्का दिया जिससे वह गिर गई। इसके बाद उसने पास में रखी कैंची से उसे गले में वार कर दिया। इस वार के कारण जॉली सिंह की मौत हो गई। इसके बाद जय सिंह वहां से फरार हो गया।

### फ्लाइट टिकट से आरोपी तक पहुंची पुलिस

जांच के दौरान पुलिस को केवल फ्लाइट टिकट ही मिली थी। आरोपी जय सिंह मुंबई से फ्लाइट से आया और रायपुर एयरपोर्ट से जॉली सिंह के घर पहुंचा। हत्या के बाद वह इलेक्ट्रिक वाहन से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां से पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस में बिना टिकट बैठा और भुसावल तक गया। वहां से कमायनी एक्सप्रेस में अपने गांव भदोही पहुंचा।सारी जानकारी जुटाने पुलिस ने उसे वहीं से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह आगे नेपाल भागने के भी फिराक में था। पुलिस को मुंबई व रायपुर एयरपोर्ट की सीसी टीवी फुटेज में वह डिलीवरी बॉय के कपड़ों दिखा। पुलिस क्वार्टर के पास रहने वालों ने भी जॉली के घर ऐसे ही किसी युवक के आने की बात बताई थी। इसी आधार पर पुलिस आरोपी जयसिंह तक पहुंची और उसे भदोही से पकड़कर लाया गया।

---

# बाइक सवारों को समझाना पुलिसकर्मियों को पड़ा भारी



**जगदलपुर ( ए. )।** जगदलपुर के नगरनार थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर और प्रधान आरक्षक को बाइक सवार युवकों को सही से बाइक चलाने के लिए समझाना महंगा पड़ गया। तीन युवकों ने एसआई व प्रधान आरक्षक का रास्ता रोककर पहले तो गाली गलौज की। उसके बाद अपने पास रखे चाकू को दिखाने के साथ ही हेलमेट से पिटाई कर फरार हो गए। इस घटना में दोनों पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की रिपोर्ट नगरनार थाना में दर्ज कराया गया है। जहां आरोपी के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि ये युवक जब तेजी से बाइक चलाते हुए पुलिसकर्मियों की साइड से निकले तो सब इंस्पेक्टर रत्नेश सेठिया इन युवकों को रोककर नाम पता पूछताछ कर फिर से इस तरह से वाहन न चलाने की बात कहते हुए समझाने लगे, जिसपर युवकों ने पुलिसकर्मियों के साथ बहसबाजी की और वहां से चले गए।

जिसके बाद बाद युवकों ने दोनों पुलिसकर्मियों को बीच रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। तीन युवक नितिश, अजय ऊर्फ अज्जू और अनिल ने चाकू दिखाते हुए धमकाया भी और हेलमेट से वार कर पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

---


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 11/03/2024

**( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**

**प्रथम आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 01.04.2024 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 359/दुर्ग(दुर्ग) /2023 | जिला न्यायालय दुर्ग के बार रूम क्रं. 04 का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 192.86 |
| 360/दुर्ग(बेमेतरा) /2023 | ग्राम-कठिया रांका वि.ख. बेरला में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 |
| 361/दुर्ग(बेमेतरा) /2023 | नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत नवागढ़ उपखण्ड विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य | 69.61 |
| 362/दुर्ग(राज.) /2023 | शासकीय श्याम शॉह महाविद्यालय मोहला जिला मोहला मानपुर अं. चौकी में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 114.07 |

**टीप**

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब Portal एवं विभागीय वेबसाइट http:/eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-08530/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876


---

# रायपुर में शराब तस्करी के सिंडीकेट का भंडाफोड़, महिला समेत छह गिरफ्तार

■ ओडिशा से रायपुर की ओर आने वाली बस में कर रहे थे अवैध रूप से शराब परिवहन

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर पुलिस ने शराब तस्करी के एक सिंडीकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला समेत छह तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 113 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ सात मोबाइल जब्त किया है। पकड़े गए तस्कर बस में शराब से भरा कार्टून रखकर कोलकाता से ओडिशा के रास्ते रायपुर में शराब खपाने ला रहे थे।इनमें तीन तस्कर ओड़िशा और तीन रायपुर के रहने वाले है।

मंदिर हसौद पुलिस थाना प्रभारी रोहित मालेकर ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि ओडिशा से रायपुर की ओर आने वाली बस ग्रांड स्लीपर में अवैध रूप से शराब परिवहन किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंदिर हसौद टोल नाका के पहले चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की।इसी दौरान ग्रांड स्लीपर बस को आता देखकर रूकवाया गया।

बस में अलग-अलग कार्टूनों में पैक कर करीब 113 बोतल अंग्रेजी शराब मिला। बस चालक ओड़िशा के जयंतसिंहपुर जिले के बनवालीपुर पोष्ट मोहिजीनपुर निवासी प्रेमाचंद परीडा(65), ओडिशा के पुरी जिले के आईटोटा थाना उमरपाडा निवासी कंडेक्टर कैलाश चंद्र नायक(62) शराब से संबंधित वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि शराब की बोतलों से भरा कार्टून बनवालीपुर, ओडिशा के खुरदाराज जिले के खुरदा थाना बुलोगढ निवासी प्रशांत कुमार बरार(33) ने रायपुर की एक पार्टी को देने के लिए रखवाया था।

पुलिस टीम ने इसके आधार पर श्रीजी वंद्वावन कालोनी बी-3 चौथा प्लोर अमलीडीह निवासी गगनप्रीत सिंह कौर पति अमन उर्फ शरणजीत सिंह(34) को पकड़ा। पूछताछ में उसने शराब को कोलकाता निवासी गुड्डू सिंह से ओडिशा के रास्ते प्रशांत कुमार बरार के माध्यम से रायपुर में मंगवाकर अपने पति सरणजीत होरा और श्यामनगर,तेलीबांधा निवासी भाई जग साहेब सिंह (26) के जरिए ग्राहकों को बेचना बताया। गगनप्रीत सिंह कौर की निशानदेही पर सरणजीत सिंह होरा, जग साहेब सिंह को कार के साथ और प्रशांत कुमार बरार को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि फरार गुड्डू सिंह की तलाश की जा रही है।

### आबकारी विभाग ने जब्त की पड़ोसी राज्य की अवैध शराब

**रायपुर ( ए. )।** आबकारी विभाग रायपुर ने अवैध मदिरा संग्रहण-परिवहन पर कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश की रेड लेबल स्कॉच व्हिस्की सहित कुल 153.04 बल्क लीटर कीमती लगभग 135000/- रूपये अवैध मदिरा जप्त कर 20 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण कायम कर गैर जमानतीय धाराओं में 9 आरोपियो को जेल भेजा गया, साथ ही अवैध मदिरा परिवहन में 4 दोपहिया वाहन भी जप्त किया गया। जिले की आबकारी टीम द्वारा छापामार कार्यवाही कर आरोपी से जप्त कर 34(2), 36, 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950,
9827806026
8962815243





Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)



कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 11.03.2024

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 26.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण स.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 355/दुर्ग (बेमेतरा)/2023 | ग्राम चरगांव वि.खं. बेमेतरा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 70.19 | द्वितीय |
| 356/दुर्ग (बालोद)/2023 | अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत जिला के कमकपार हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 | द्वितीय |
| 357/दुर्ग (राज.)/2023 | जिला राजनांदगांव मचानपार वि.खं. डोंगरगांव में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.99 | तृतीय |
| 358/दुर्ग (बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत बटरेल एवं कुथरेल मार्ग कि.मी. 1 से 2/6 = 1.60 कि.मी. एवं 03 अन्य मार्ग का बी.टी. नवीनीकरण कार्य | 173.78 | पंचम |

टीप :- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबासाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है.
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें.

जी-08506/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876



दुल्हन बैंगल्स & फैंसी



RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030

Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more

पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई



भारतीय बैग हाउस

फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता




कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572



भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि

128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766



राकेश ट्रेडर्स

विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।

Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357

Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### कलेक्टर चौधरी ने दृष्टिहीन दिव्यांग को लैपटॉप प्रदान किया

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जिले के धमधा तहसील अंतर्गत ग्राम पेंड्रावन निवासी रवि यादव को लैपटॉप प्रदान कर रवि को उनके उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में बीए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत रवि यादव जन्म से ही दृष्टिहीन है। उच्च शिक्षा प्राप्ति की ललक से रवि यादव ने अध्ययन करने हेतु इलेक्ट्रिकल साउंड की आवश्यकता बताते हुए शैक्षणिक कार्य हेतु लैपटॉप संशाधन उपलब्ध कराने आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने आज रवि की मंशा के अनुरूप उन्हें अपने कर कमलो से लैपटॉप प्रदान किया। लैपटॉप प्राप्त कर रवि यादव ने सहयोग के लिए जिला प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जीपीडीपी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**दुर्ग।** जिला पंचायत संसाधन केन्द्र अंजोरा (ख) में दुर्ग जिला के विकासखंड दुर्ग, धमधा व पाटन के समस्त सचिवों को पंचायत विकास सूचकांक ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जीपीडीपी विषय पर एक दिवस की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे श्रीमती काव्या जैन उपसंचालक पंचायत के द्वारा गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया एवं पंचायत विकास सूचकांक कार्य को विशेष रूप से ध्यान रखते हुए 25 मार्च 2024 तक सम्पन्न करने कहा गया एवं पंचायत सम्बंधित ऑडिट की समस्या पर चर्चा किया गया। जिला संकाय सदस्य हरि राम परमार के द्वारा पंचायत विकास सूचकांक पर विस्तृत जानकारी ऑनलाइन साइट से दी गई। पंचायत विकास सूचकांक में तेरह लाइन विभाग के 577 प्रश्न शामिल है। डाटा पंचायत सचिवो को पोर्टल में ऑनलाइन भरने हेतु जानकरी पोर्टल के माध्यम से दिया गया। ई ग्राम स्वराज में जीपीडीपी कार्ययोजना बनाते समय भारत सरकार की योजना एवं राज्य सरकार के योजनाओं को शामिल करते हुए लिए गए संकल्प के आधार पर 25 प्रतिशत कार्य अनाबद्ध स्कीम से लेना अनिवार्य है बताया गया। जिले के समस्त सचिवों द्वारा कार्यशाला में हिस्सा लिया गया।

### ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जीपीडीपी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**दुर्ग।** जिला पंचायत संसाधन केन्द्र अंजोरा (ख) में दुर्ग जिला के विकासखंड दुर्ग, धमधा व पाटन के समस्त सचिवों को पंचायत विकास सूचकांक ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जीपीडीपी विषय पर एक दिवस की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे श्रीमती काव्या जैन उपसंचालक पंचायत के द्वारा गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया एवं पंचायत विकास सूचकांक कार्य को विशेष रूप से ध्यान रखते हुए 25 मार्च 2024 तक सम्पन्न करने कहा गया एवं पंचायत सम्बंधित ऑडिट की समस्या पर चर्चा किया गया। जिला संकाय सदस्य हरि राम परमार के द्वारा पंचायत विकास सूचकांक पर विस्तृत जानकारी ऑनलाइन साइट से दी गई। पंचायत विकास सूचकांक में तेरह लाइन विभाग के 577 प्रश्न शामिल है। डाटा पंचायत सचिवो को पोर्टल में ऑनलाइन भरने हेतु जानकरी पोर्टल के माध्यम से दिया गया। ई ग्राम स्वराज में जीपीडीपी कार्ययोजना बनाते समय भारत सरकार की योजना एवं राज्य सरकार के योजनाओं को शामिल करते हुए लिए गए संकल्प के आधार पर 25 प्रतिशत कार्य अनाबद्ध स्कीम से लेना अनिवार्य है बताया गया।

# सभी क्षेत्रों में शुद्ध पानी मिले, ऐसी व्यवस्था बनाएं अफसर : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मॉर्निंग विजिट के दौरान 42 एवं 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फिल्टर बेड, एरीएशन चेंबर, वाश वाटर एवं फिल्टर प्लांट के अन्य स्थानों में पहुंचकर जल शुद्धिकरण के लिए अपनाए जा रहे पूरे कार्यों का अवलोकन कर सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझे।**



जल शुद्धीकरण की प्रत्येक विधि का जायजा लेते हुए,नगर पालिक निगम क्षेत्र के हर वार्ड में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था निरंतरता बनी रहे इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। फिल्टर प्लांट के लैब में पहुंचकर केमिस्ट से चर्चा करते हुए उन्होंने पानी में पाए जाने वाले तत्वों और टर्बिडिटी की जांच को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। नगर पालिक निगम क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए जलकार्य विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी से अपने कार्य में जुटी हुई है।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहीं भी विशुद्ध पानी न पहुंचे इसके लिए पानी सेंपल जांच के साथ ही सभी जोन क्षेत्रों से रेंडम जांच करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने बताया कि फिल्टर प्लांट मे शिवनाथ नदी से आने वाले पानी से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन वाटर के सैंपल तक की प्रक्रिया का अवलोकन किया। जल शुद्धिकरण के इस्तेमाल में उपयोग होने वाले क्लोरीन, ब्लीचिंग एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। वाटर टेस्टिंग लैब में पहुंचकर संधारित पंजियों का तिथि अनुसार अवलोकन किए। निगम आयुक्त ने प्रतिदिन पानी टंकी और अंतिम छोर के जल स्रोत से लिए जाने वाले सेम्पल के पानी टेस्टिंग की रिकॉर्ड व्यवस्थित करने कहा। फिल्टर प्लांट में नदी से आ रहे रॉ वाटर और सप्लाई होने वाले क्लियर वाटर की जानकारी लेते हुए लैब में केमिस्ट से रोज़ाना हो रहे टेस्ट रिपोर्ट की जानकारी मांगी और आटोमेटिक स्काडा सिस्टम की जानकारी कंप्यूटर के माध्यम से लिए, उन्होंने कहा सभी टंकियो में हो रही क्लियर वाटर सप्लाई में इस्तेमाल हो रहे मोटर पंप की क्षमता के बारे में अधिकारियों से जानकारी रिपोर्ट पूछे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता मोहित मरकाम, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

## कलेक्टर ने वार्डो में साफ - सफाई एवं व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं निगम अफसरों के साथ मॉर्निंग विजिट के दौरान नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नाका ओवरब्रिज के सामने जीरो वेस्ट सेंटर एवं वार्ड 60 व वार्ड 21 सिंधिया नगर पहुंचे जहां उन्होंने नालियों एवं सड़क की सफाई कार्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। नाली एवं सड़को की सफ ाई को निरन्तर करने की बात कही, उन्होंने सफ ाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को हर वार्ड में रोस्टर के अनुरूप सफ ाई करवाने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान कलेक्टर चौधरी ने वार्ड 21 के नागरिकों से चर्चा की और उनकी समस्यों से रूबरू होकर जल्द निराकरण करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये, उसके बाद कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा मणि कंचन (जीरो वेस्ट सेंटर) केंद्र वार्ड 60 में पहुँचकर निरीक्षण करते हुए सेंटर सुपरवाइजर एवं स्वच्छता दीदियों से कचरे से निकलने वाले कचरे के प्रकार और कुल मात्रा की जानकारी ली गई। साथ ही शहर के वार्डो से कचरा संग्रहण की जानकारी ली गई। जीरो वेस्ट की सुपर वाइजर ने बताया कि 4 वार्डो से कुल 1123 घर से 4.8 टन कचरे को प्रोसेसिंग किया जाता है। वार्ड में सर्वे के दौरान डोर टू डोर कलेक्शन में कचरे नही दिए जाते है, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि जिनके द्वारा डोर टू डोर कलेक्शन में कचरा नही दिया जाता उन्हें नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल किया जाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के मौके पर नाली सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारी से कहा कि जितनी भी नालियां जाम की स्थिति में बनी हुई है उन सभी नालियों को चिन्हित कर निकासी के लिए बेहतर व्यवस्था बनाये, सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर बनाये एवं सड़क किनारे झिल्ली, पन्नी फेकने वाले ठेले-खोमचे पर जुर्माने की कार्रवाही करें, निरीक्षण के दौरान शहर में प्रकाश व्यवस्थाओं को लेकर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को निर्देश देते हुए कहा कि गली मोहल्ले की स्ट्रीट लाइट जहां बंद पड़ी हो तत्काल सुधारकर प्रकाश व्यवस्था बनाये।

# नोटिस के बाद भी नही माने व्यापारी तो अवैध कब्जे पर चला निगम का जेसीबी, हटाया कब्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर सुबह 7 बजे निगम,जिला प्रशासन व पुलिस बल के अधिकारी राजेंद्र पार्क चौक के पास जीई रोड किनारे चर्च के सामने अवैध कब्जों को हटाने पहुँचे। इसे लेकर नगर निगम ने पूरी तैयारी तेज कर रखी थी,गुरुवार को नगर निगम का तोड़ू दस्ता जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे। कब्जा हटाने के लिए उन्हें पहले भी नोटिस जारी गया था।



नोटिस मिलने पर भी कब्जाधारियों को नोटिस का कोई असर नही हुआ।अल्टीमेटम के बाद भी कब्जा को नही हटाया गया था। आज कब्जा को हटाए जाने के लिए बुलडोजर से तीनो दुकानों का कब्जा तोड़ा गया।एसडीएम मुकेश रावटे,अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,भवन अधिकारी गिरीश दीवान,नायब तहसीलदार ढालसिंग बिसेन,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,बाजार अधिकारी चंदन मनहरे,थानसिंह यादव,पद्मनाथपुर थाना प्रभारी आईपीएस अक्षय प्रमोद सामद्रा,अनिल सिंह पेट्रिलिंग स्टाप सहित दुर्ग थाना व पद्मनाभपुर पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाही की गई। बता दे कि अतिक्रमणकर्ता श्रीमती शशिकला छिपेकर अस्थाई जूता चप्पल स्टॉल दुकान एवं मो. इमरान खान कपड़े की दुकान तथा गौरव सिंह को दुकान लगाने मेनोनाईट चर्च के सामने अनुमति दिया गया था। जिसकी अनुमति दिनांक 31दिसंबर 2023 को समाप्त हो गया है। लेकिन इनके द्वारा स्टॉल को नही हटाया गया है, उक्त अवैध स्टॉल को हटाने नोटिस तामिल किया जा चुका है,इसके पहले बेदखली कार्यवाही के दौरान कब्जाधारियों को कार्य पालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 48 घण्टे में स्वयं स्टॉल हटा लेने लिखित सूचना दिया गया है, लेकिन आज दिनांक तक स्टॉल नही हटाया गया है, एवं अवैध रूप से व्यवसाय किया जा रहा है, जिससे उक्त स्थल पर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है, एवं अनावश्यक कार्य में विलंब हो रहा है।

उसके बादअतिक्रमणकर्ता द्वारा भारी विरोध के बाद भी नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा सख्ती कार्रवाही अभियान शुरू जारी रखकर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटवाया गया तथा शासन की रिक्त भूमि को कब्जा मुक्त किया गया।

## बाबा बालकनाथ मंदिर में निकाली गई विशाल प्रभात फेरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार स्थित बाबा बालक मंदिर में शुक्रवार सुबह विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। रविवार 17 मार्च को मंदिर में महायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है।

## दुर्ग निगम में 8 मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए 2.48 करोड़ रुपए स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दुर्ग नगर निगम में आठ मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए दो करोड़ 48 लाख चार हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा अधोसंरचना मद के अंतर्गत इन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दुर्ग नगर निगम के वार्ड क्रमांक-15 करहीडीह मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए 27 लाख 36 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-17 कादम्बरी नगर मुक्तिधाम के लिए 27 लाख दस हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-55 में विद्युत सब-स्टेशन के सामने मुक्तिधाम के लिए 31 लाख 49 हजार रुपए और वार्ड क्रमांक-56 बघेरा मुक्तिधाम के लिए 46 लाख 84 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक-57 उरला पश्चिम मुक्तिधाम के लिए 49 लाख 97 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-60 रायपुर नाका मुक्तिधाम के लिए 24 लाख सात हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-11 हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए 15 लाख 90 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-50 बोरसीभाठा मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख 31 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत अभियान, मनरेगा, बिहान योजनाओं के क्रियान्वयन पर की गई चर्चा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋ चा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में अश्वनी कुमार देवांगन सीईओ जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जिला पंचायत के सभा कक्ष में 13 मार्च को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। जनपद पंचायत सीईओं ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जनपद पंचायत धमधा में 55 पाटन में 40 व दुर्ग में 5 लक्ष्य अनुसार सप्ताह के भीतर 100 आवास पूर्ण किया जाए। ग्राम पंचायतों में द्वितीय एवं तृतीय किश्त प्राप्त कर लिये हितग्राहियों को जिले एवं जनपद के तकनीकी अमलों की टीम बना कर आवास बनाने हेतु प्रोत्सहित करने कहा। अश्वनी कुमार देवांगन ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन सेग्रीगेशन वर्कशेड अंतर्गत जिले में 25 निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण किया जाने के कार्यवाही की जाए। स्वच्छता के प्रति लापरवाही कर रहे सचिव एवं सरपंच पर कार्यवाही की जाए। ग्राम पंचायत पेन्ड्री (रूहा), सुखरीखुर्द (रूहा), जनपद पंचायत धमधा, ग्राम पंचायत फुण्डा सचिव एवं सरपंच पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी गावं में घर-घर कचरा कलेक्शन की दिशा में पंचायतों को अग्रिम कार्यवाही हेतु स्वच्छग्राहियों द्वारा प्रेरित करने कहा। जिन पंचायतों में कचरा कलेक्शन नही किया जा रहा है, वहां स्व-सहायता समूह की आगामी बैठक आयोजित करने एवं कचरा कलेक्शन की दिशा में ठोस प्लास्टिक वेस्ट मेंनेजमेंट में जहाँ मशीन उपलब्ध है, उसे संचालित कर तीनों मशीनों का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। पम्प रिचार्ज, पिट निर्माण यथाशीध्र पूर्ण किया जाने एवं त्रिस्तीय जल शुद्धिकरण निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण किये जाने की कार्यवाही करने कहा।

बैठक में मनरेगा के तहत 100 दिवस की मजदूरी हेतु दुर्ग को 4700, पाटन को 5700 एवं धमधा ब्लॉक को 5000 लक्ष्य को मार्च अंत तक पूरा करने कहा गया। इसके अलावा लखपति दीदीयों का लक्ष्य अनुसार मनरेगा के तहत आजीविका वृद्धि हेतु कार्ययोजना तैयार कर निर्माण कार्य मनरेगा से स्वीकृत किए जाने की बात कही गई। मनरेगा के तहत पोषण वाटिका में 20 से 25 फलदार पौधे रोपण किये जाने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत अभियान, मनरेगा, बिहान के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

# महिला सशक्तिकरण के बिना समाज अधूरा : भावना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्री चतुर्भुज मेमोरियल फ़ाउंडेशन एवं बी. एस. पी. ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में महिला - समूह सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भावना बोहरा थी। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्कृतिकर्मी डॉ. अनीता सावंत मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित हुई। ओ.ए.अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ,फाउंडेशन संस्थापक डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव, फाउंडेशन की वशिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव आयोजन के विशिष्ट अतिथि थे।**




समारोह को संबोधित करते हुए भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय परम्परा और समाज निर्माण में स्त्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम सबको स्त्री स्वावलम्बन की दिशा में जरूरी काम करना चाहिए। महिला सशक्तिकरण के अभाव में एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। श्रीमती बोहरा ने इतिहास, साहित्य एवं परम्परा से अनेक उदाहरण देते हुए प्रतिपादित किया कि वह समय ज्यादा दूर नहीं जब समाज के विभिन्न क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रभावी भूमिका एवं सशक्त उपस्थिति के साथ आगे आएंगी। समारोह की अध्यक्ष पद्मश्री शमशाद बेगम ने स्त्री सुरक्षा के मुददे पर अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती हुई स्त्री हिंसा का प्रतिकार किया जाना चाहिए।

इसके लिए महिलाओं को महिला कमांडो जैसे समूह बनाकर आत्मरक्षा का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. अनीता सावंत ने स्त्रियों की आर्थिक एवं सामाजिक आत्मनिर्भरता के विषय पर बेहद तार्किक एवं प्रभावशाली उदबोधन दिया। डॉ. सावंत ने कहा कि शिक्षा, सेवा एवं सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तभी वह अपने बेहतर भविष्य के स्वप्न को साकार कर सकेगी। आयोजकीय वक्तव्य देते हुए डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आर्थिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाकर ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में हम आगे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में जो सामाजिक कार्य किए जाते हैं उनमें स्त्रियों की आत्मनिर्भरता एक प्रमुख विषय रहता है। अतिथियों का स्वागत करते हुए नरेंद्र बंछोर ने कहा कि श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के बारहवें स्थापना दिवस पर इस समारोह का विशेष महत्व है श्री बंछोर ने सार्वजनिक उपक्रमों की सेवाओं में महिलाओं की कमतर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक गम्भीर विषय है। स्त्रियों के स्वावलम्बन की दिशा में कार्य करते हुए हमें इस सच्चाई पर भी विचार करना चाहिए ।

समारोह में समूहों के माध्यम से स्त्री उत्थान की दिशा में सक्रिय महिला समूहों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया। अश्विनी नागले - प्रगति महिला सहकारी बैंक, डॉ. अंजली सिंह - छत्तीसगढ़ एनिमल सेवियर्स सोसायटी , डॉ. सोनाली चक्रवर्ती - स्वयंसिद्धा ए मिशन विद ए विजन, निधि चंद्राकर - छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा, डॉ. सरिता साहू, रजनी रजक - लोककला मंच तुलसी चौरा, बी.पोलम्मा ङ्क माँ राज राजेश्वरी महिला स्व सहायता समूह , परमजीत कौर - मुस्कान स्व सहायता समूह, सुमित्रा बेहरा - जय माता दी स्व सहायता समूह, गुरमीत कौर-धनलक्ष्मी स्व सहायता समूह, केशरी साहू - शुभम महिला स्व सहायता समूह का सम्मान किया गया।

## विधायक रिकेश सेन ने घर-घर दी दस्तक, लाभार्थियों से पूछा कुशलक्षेम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने वार्ड-15 अम्बेडकर नगर, वार्ड-25 में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के घर पहुंच कर उनसे सम्पर्क किया।**



विधायक सेन ने वार्ड 15 गांधी नगर में पूनिया बाई, जमुना साहू, नीतू शुक्ला, सारिका चुरहे, प्रीति बंजारे, अमरीका बम्बोले, सुखविंदर कौर, कृष्णा सिंह, उषा मानिकपुरी, सतरूपा देवदास, रूपई बाई, पावित्री साहू, किरण पाठक, राधा बाई, नेमीन बाई साहू, टिकेश्वरी साहू, बिमला साहू, दुर्गा द्विवेदी, कुंजिया बमभोले, राहुल कटोटिया, जानकी देवी, मंजू डाहरे, काशीनाथ शर्मा, कुसुम सोनकर, संतोषी यादव, रेखा चित्रीय, मेहरून निशा, विद्या मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, सुशीला लांजेवार, रेशमा बानो, सुभाष बेहरा, मोहम्मद मिनाज, विजय लक्ष्मी, हफीज खान, सोनमती देवी, संतोषी, सुदामी देवी, बलिंदर कौर, कुंती विश्वकर्मा, दुलारी बाई आम्रपाली वार्ड 25, मनीषा शाह, देवराज दलाई, हीरामनी, तमन्ना खातून, परदेशीन बाई, मंजू बंजारे, तीजहारीन, हीरामती देवी सहित अनेक पीएम आवासधारियों से संपर्क कर उनसे कुशलक्षेम जाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, मनोज तिवारी, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, मुरलीधर गुलहाने, अखिलेश सिंह, रिंकू पाल, पवन सिंह, अवतार सिंह, कुबेर शर्मा, मनीष सिंह, हर्षित राजपूत, अंकुर शर्मा, सतबीर सिंह, गुरमुख सिंह, सतीश सिंह, रमाकांत गुप्ता, रमेश सिंह, राजेश चौधरी, रवि राजपूत, इरफान खान, विष्णु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा, भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950